शनिवार, 19 अक्टूबर 2024

मौसम

तापमान 34 – 25
आर्द्रता 85%
सूर्योदय: 5:35 सूर्यास्त: 17:08

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



सरफराज और कोहली की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने किया पलटवार –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जो नहीं है वह ख्वाब है पर जो मिला है वह लाजवाब है।

# चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने पर 22 अक्टूबर को हड़ताल पर जाने की धमकी दी

- सीनियर डॉक्टरों के साथ बैठक के बाद आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने की घोषणा
- सोमवार को राज्य के हर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का धरना प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार के लिए फिर डेडलाइन तय की है। आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने सोमवार तक मांगें पूरी नहीं होने पर मंगलवार से पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है। इस पूर्ण हड़ताल में सरकारी और निजी अस्पताल के डॉक्टर शामिल होंगे। शुक्रवार को जूनियर डॉक्टर देबाशीष हलदर ने वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ बैठक के बाद यह बात कही।



दरअसल, इस दिन, आंदोलन की अगली रूपरेखा तय करने के लिए जूनियर डॉक्टरों ने मेडिकल के सीनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की। बैठक के बाद, देबाशीष हलदर ने कहा कि आज सोदपुर से धर्मतल्ला तक जुलूस निकाला जायेगा। कल उन्होंने धर्मतला मंच पर एक सामूहिक बैठक बुलाई। इस भव्य सभा में शामिल होने के लिए जूनियर और सीनियर डॉक्टरों के साथ-साथ नागरिक समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। सोमवार को राज्य के हर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर धरना प्रदर्शन करेंगे। राज्य सरकार को सोमवार तक की डेडलाइन दी गई है। इस बीच, मुख्यमंत्री को चर्चा में बैठना होगा। दस सूत्रीय मांग माननी होगी। अन्यथा मंगलवार को आम हड़ताल का आह्वान किया गया है। इसमें सरकारी व निजी अस्पतालों के सभी जूनियर व सीनियर डॉक्टर भाग लेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो जाएंगी। साथ ही, आंदोलनरत जूनियर डॉक्टर देबाशीष हलदर ने दावा किया कि अगर इस दिन किसी की जान जाती है तो मुख्यमंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## 'मुख्यमंत्री इतनी निर्दयी? पूजा में डूबी रहीं, एक बार भी नहीं आईं?', बोले आंदोलनरत जूनियर डॉक्टर

**आज जूनियर डॉक्टर सोदपुर से धर्मतला तक निकालेंगे 'न्याय यात्रा'**

धर्मतला के मेट्रो चैनल के सामने जूनियर डॉक्टरों का अनशन शुक्रवार 14वें दिन में प्रवेश कर गया है। 'आमरण अनशन' करने वालों में सायंतनी घोष हाजरा, स्निग्धा हाजरा और अर्णब बनर्जी शामिल हैं। शुक्रवार को सायंतनी घोष ने पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सवाल उठाया कि वे अब तक एक बार भी उनसे मिलने क्यों नहीं आईं? डॉक्टरों की 10 सूत्रीय मांगों को स्वीकार करने में सिर्फ 10 मिनट का समय लगता है, फिर मुख्यमंत्री इतनी निर्दयी क्यों हैं? सायंतनी ने कहा कि हम पिछले 13 दिनों से केवल पानी पी रहे हैं। न तो ओआरएस और न ही ग्लूकोज लिया है। सिर्फ पानी पर हम टिके हैं। बात करने में भी हमें तकलीफ हो रही है। क्या मुख्यमंत्री एक बार भी हमारे बारे में नहीं सोच रही हैं? हम देख रहे हैं कि वो दुर्गा पूजा में व्यस्त हैं। उनकी मातृसत्ता कहां गई? वे एक बार भी हमारे पास नहीं आईं! हमारी 10 सूत्रीय मांगों पर दस्तखत करने में सिर्फ 10 मिनट लगेंगे, फिर वे इतनी निर्दयी क्यों हैं? सायंतनी ने आगे कहा कि साधारण लोग हर रोज यहां आ रहे हैं और हमें जीत का आशीर्वाद दे रहे हैं। सब हमें अपने बच्चों के समान मानते हैं। लेकिन क्या मुख्यमंत्री को एक बार भी ऐसा नहीं लगता कि हमारे सूखे चेहरों की तरफ देख लें? उनकी यह क्रूरता हमें स्तब्ध कर रही है। जूनियर डॉक्टरों ने शनिवार को सोदपुर से धर्मतला तक न्याय यात्रा का आह्वान किया है। इस पर, सायंतनी ने कहा कि हमें पता है कि लोग जरूर आएंगे। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। हमें जनता का समर्थन जरूर मिलेगा। लेकिन क्या हमें उनका (मुख्यमंत्री का) समर्थन मिलेगा, जिसके लिए हम 13 दिन से केवल पानी पर जिंदा हैं?

# पीएफआई इस्लामिक आंदोलन खड़ा कर भारत में गृहयुद्ध शुरू करना चाहता था: ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) भारत में ''जिहाद'' के जरिए इस्लामी आंदोलन खड़ा करने की कोशिश कर रहा है, जिसमें क्रूरता और दमन के विभिन्न तरीकों के अलावा अहिंसक हवाई हमले और ''गुरिल्ला हमले'' भी शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जो पीएफआई के ''विभिन्न ट्रस्ट, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर'' लाभकारी रूप से स्वामित्व वाली हैं। ईडी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और विभिन्न राज्य पुलिस बलों द्वारा इसके पदाधिकारियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी के बाद सितंबर, 2022 में केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 2006 में केरल में गठित लेकिन दिल्ली में मुख्यालय वाले पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से ''अलग'' हैं। एजेंसी ने आरोप लगाया, पीएफआई का वास्तविक उद्देश्य जिहाद के माध्यम से भारत में इस्लामी आंदोलन चलाने के लिए एक संगठन का गठन करना है, हालांकि पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है। इसने कहा, पीएफआई ने विरोध के अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने का दावा किया है लेकिन साक्ष्यों से पता चलता है कि उसके द्वारा अपनाए गए विरोध के तरीके हिंसक प्रकृति के हैं। एजेंसी ने संगठन द्वारा समाज में अशांति और संघर्ष पैदा करके ''गृहयुद्ध'' की तैयारी के लिए इस्तेमाल किए गए विरोध के कुछ तरीकों का वर्णन किया है। इसने आरोप लगाया गया है कि पीएफआई ने क्रूरता और दमन के कुछ तरीकों का इस्तेमाल किया। एजेंसी ने कहा कि पीएफआई ने देश की एकता और संप्रभुता को ''कमजोर'' करने के लिए कानूनों का उल्लंघन किया, दोहरी संप्रभुता (एक से अधिक संप्रभुता रखने) का प्रस्ताव रखा, समानांतर सरकारें बनाईं और गुप्त एजेंटों की पहचान का खुलासा किया। ईडी के अनुसार, यह संगठन अपने सदस्यों को लात, घूंसे तथा चाकू, लाठी, दरांती और तलवार जैसे हथियारों का प्रयोग कर हमले करने के लिए ''गहन'' हिंसक प्रशिक्षण दे रहा था। पीएफआई पर फरवरी, 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान हिंसा भड़काने और उपद्रव फैलाने में सक्रिय रूप से शामिल होने का भी आरोप लगाया गया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि पीएफआई और सीएफआई (कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, पीएफआई की छात्र शाखा) के सदस्यों ने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने, सांप्रदायिक दंगे भड़काने और आतंक फैलाने के इरादे से कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस का दौरा किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि पीएफआई ने भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को कमजोर करने तथा सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के इरादे से महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों पर हमले करने के लिए घातक हथियार और विस्फोटक उपकरण एकत्र करके एक ''आतंकवादी गिरोह'' बनाने की साजिश बनाई थी।

# बाल विवाह रोकथाम कानून को पर्सनल लॉ के तहत बाधित नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बाल विवाह पर अहम फैसला देते हुए दिशा-निर्देश जारी किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को किसी भी पर्सनल लॉ के तहत परंपराओं से बाधित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि माता-पिता अपने नाबालिग बेटियों या बेटों की शादी के लिए जीवनसाथी नहीं चुन सकते, भले उनका विवाह बालिग होने के बाद कराया जाए। बालिग होने से पहले शादी कराने के लिए सगाई करना नाबालिगों के जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन है। कोर्ट ने इस मामले पर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि आम लोगों में इसको लेकर जागरुकता बढ़ाने के उपाय किये जाने चाहिए। हर समुदाय के लिए अलग तरीके अपनाए जाएं। समाज की स्थिति समझ कर ही रणनीति बने, क्योंकि दंडात्मक तरीके से सफलता नहीं मिलती। कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह निषेध कानून को पर्सनल लॉ से ऊपर रखने का मसला संसद में लंबित है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिकाकर्ताओं में से एक सोसाइटी फॉर इनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन ने आरोप लगाया था कि राज्यों के स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिनियम का सही तरह से अमल नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते बाल विवाह के मामले बढ़ रहे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से बातचीत कर केंद्र सरकार को बताने के लिए कहा था कि बाल विवाह पर रोक लगाने के कानून पर प्रभावी अमल के लिए उसकी ओर से क्या कदम उठाए गए हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अगले सप्ताह रूस जाएंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का अगले सप्ताह रूस के शहर कजान में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आमना-सामना होगा। दोनों ही नेता इस सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार से कजान की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि शी शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पिछले वर्ष अगस्त में प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग ने ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन से इतर जोहानिसबर्ग में एक संक्षिप्त और अनौपचारिक बातचीत की थी।

## भारत उन पांच देशों में शामिल, जहां सबसे अधिक लोग घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहे : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत दुनिया के उन पांच देशों में है जहां सबसे अधिक संख्या में लोग घोर गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में करीब 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जिंदगी बसर कर रहे हैं और इनमें से भी आधे नाबालिग हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल द्वारा बहु आयामी गरीबी सूचकांक जारी की गयी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 23.4 करोड़ लोग घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं जिसे मध्यम मानव विकास सूचकांक में रखा गया है। भारत उन पांच देशों में है जहां पर घोर गरीबी में जीवनयापन करने वालों की संख्या सबसे अधिक है।



## गेंद अब इस्लामाबाद के पाले में

भले ही इस्लामाबाद में भारत-पाकिस्तान की द्विपक्षीय वार्ता नहीं थी, लेकिन लगभग नौ साल बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा के गहरे निहितार्थ हैं। नई दिल्ली द्वारा इस यात्रा को हरी झंडी देना ही इस बात का प्रबल संकेत है कि पर्दे के पीछे से की जा रही कूटनीति सार्थक रही है। दरअसल, शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लेने के लिये विदेश मंत्री के इस्लामाबाद जाने के निर्णय ने कई उम्मीदें जगायी हैं। एससीओ सम्मेलन में भाग लेने जाने से पहले एस जयशंकर ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान को लेकर भारत की विदेश नीति निष्क्रिय नीति नहीं है। निश्चित रूप से भारत सरकार की ओर से यह संकेत देने का प्रयास किया गया कि दिल्ली किसी भी सकारात्मक संकेत का जवाब देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। ऐसा भी नहीं है कि पाकिस्तान की राजधानी में एससीओ सम्मेलन में एस जयशंकर अपनी दो टूक बात करने से चूके हों। उन्होंने इस्लामाबाद को साफ-साफ शब्दों में इस मंच के जरिये सभ्य तरीके से सुना दिया कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को प्रश्रय देने वाली नीति ही संबंधों में बाधक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये नीतियां व्यापार गतिविधियों, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के संवाद-संबंध बनाने में बाधक बनती हैं। उन्होंने अतीत में एक मंच पर भारत-पाक के बीच पैदा होने वाली परंपरागत कटुता को दरकिनार करते हुए भी कड़े शब्दों में भारत की नीति को जाहिर कर दिया। वहीं दूसरी ओर भले ही शिखर वार्ता की अभी कोई स्थिति बनती नजर नहीं आ रही है, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर की अपने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के साथ अनौपचारिक बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में लंबे समय से उत्पन्न रुकावट खत्म होने की उम्मीद जरूर जगी है। बहरहाल, इस बात में कोई संदेह नहीं है कि घात और बात की नीति साथ-साथ नहीं चल सकती। जिस ओर एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन मंच का उपयोग करते हुए स्पष्ट इशारा किया भी है।

बहरहाल, इतना तो तय है कि यदि पाक अपनी पुरानी नीतियों को नहीं बदलता तो रिश्तों में जमी बर्फ के पिघलने की कोई गुंजाइश नहीं बचती। वैसे यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान की रीतियों-नीतियों के चलते उससे सीमित जुड़ाव बनाये रखना भारतीय सरकारों के लिये भी एक चुनौती बनी हुई है। इस्लामाबाद, अन्य शब्दों में कहें तो पाकिस्तान सेना मुख्यालय रावलपिंडी की, बार-बार विश्वास को खंडित करने की नीति संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रयासों में संदेह को जन्म देती है। यह एक हकीकत है कि आतंकवाद को प्रश्रय देने की पाक की नीति के चलते मेज पर वार्ता न करने के इच्छुक भारत को अपने अविश्वसनीय पड़ोसी के साथ संबंधों के विकल्प तलाशते रहने चाहिए। जिसमें बातचीत का माध्यम खुला रखना भी शामिल हैं। क्रिकेट डिप्लोमेसी भी अतीत की तरह भारत के लिये मददगार हो सकती है या नहीं, इस पर भी विचार करने की जरूरत है। लेकिन ये प्रयास लंबे समय से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ को पिघलाने में मददगार हो सकते हैं। निश्चित तौर पर एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के सार्थक समापन को एक रचनात्मक उपलब्धि के तौर पर तो देखा जा सकता है। भले ही यह एक छोटा कदम हो, लेकिन आगे बढ़ने की दिशा में इस छोटे कदम को भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि भौगोलिक रूप से पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है, जिसे बदला नहीं जा सकता। निश्चित रूप से अब गेंद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पाले में है कि संबंधों को ईमानदारी से आगे बढ़ाने में वे कितनी शराफत दिखाते हैं। हालांकि, संबंधों को मजबूत करने में उनके भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का ट्रैक रिकॉर्ड विश्वास करने लायक नहीं रहा है। वैसे भी भारत से संबंधों की नई पहल करने से शरीफ को पहले पाकिस्तान सेना से निपटना होगा। जो पर्दे के पीछे से पाकिस्तानी लोकतंत्र को चला रही है। बहरहाल, नई दिल्ली की इसके नतीजे को लेकर उत्सुकता से नजर रहेगी।

# विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट से उपजे सवाल



रोहित माहेश्वरी

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम वादों और कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के बावजूद देश में गरीबी कम होती दिखाई नहीं देती है। विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में माना है कि 2020 के बाद से भारत सहित दुनिया में गरीबी घटने की प्रक्रिया ठहर गई है। बैंक का ताजा आकलन है कि भारत में इस समय 12 करोड़ 90 लाख लोग चरम गरीबी की अवस्था में जी रहे हैं।

विश्व बैंक का चरम गरीबी का पैमाना 2.15 डॉलर प्रति दिन (परचेजिंग पॉवर पैरिटी- पीपीपी- के अर्थ में) से कम खर्च क्षमता है। पीपीपी पर यह रकम फिलहाल लगभग 44 रुपये प्रतिदिन बैठती है। वैसे विश्व बैंक ने चूंकि भारत को मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में रखा हुआ है, इसलिए उसका कहना है कि भारत पर चरम गरीबी का पैमाना 6.85 डॉलर प्रति दिन (पीपीपी में तकरीबन 139 रुपये) लागू होना चाहिए।

बहु संकट से बाहर निकलने के रास्ते नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि आज भी दुनिया की 44 फीसदी आबादी प्रतिदिन 576 रुपये से कम पर जीवन यापन करती है। जनसंख्या वृद्धि के कारण 1990 के बाद से इस गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं आया है। 2020-2030 एक खोया हुआ दशक होने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रगति की मौजूदा रफ्तार के हिसाब से अत्यधिक गरीबी को मिटाने में दशकों लगेंगे और लोगों की प्रतिदिन की कमाई 576 रुपये से ऊपर लाने में एक सदी से अधिक समय लगेगा। वैश्विक आबादी का 8.5 फीसदी या 70 करोड़ लोग आज भी 181 रुपये से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं। अनुमान है कि 2030 में 7.3 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीबी में रह रही होगी।

देश आज भी करीब 13 करोड़ लोग चरम गरीबी के दायरे में हैं। चरम गरीबी का मतलब है कि इन लोगों की दैनिक आय 200 रुपये से भी कम है। मोटे तौर पर महीने के 5,000 रुपये या इससे कम कमाने वाले लोगों को चरम गरीबी का शिकार माना जाता है। संख्या के लिहाज से देखें, तो यह इतनी बड़ी है कि दुनिया के कई बड़े देशों की इतनी आबादी नहीं, जितनी भारत में चरम गरीबी है।

विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट मे बताया है कि 1990 के बाद से भारत में गरीबी कम करने पर बड़ा काम हुआ है। इसके अलावा पिछले एक दशक में कई अहम बदलाव हुए हैं। लेकिन, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के तहत पूरी दुनिया को चरम गरीबी से मुक्त करने के लक्ष्य से भारत पिछड़ता दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020-30 के दशक को भारत में गरीबी कम करने के लिहाज से पूरी तरह से कामयाबी भरा नहीं कहा जा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में पिछले एक दशक में भारी कमी आई है। 1990 में यह संख्या 43.1 करोड़ थी। सुरेश तेंदुलकर समिति की रिपोर्ट के मुताबिक 2010 में यह संख्या करीब 35 करोड़ थी। लेकिन, 2024 में यह संख्या घटकर 12.9 करोड़ रह गई है।

विश्व बैंक के मुताबिक, अगले दशक में वैश्विक अत्यधिक गरीबी में भारत का योगदान काफी कम होने का अनुमान है। यह अनुमान अगले दशक में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के साथ-साथ ऐतिहासिक विकास दरों पर आधारित है। भारत में 2030 में चरम गरीबी दर शून्य करने पर भी इस अवधि में दुनियाभर में अत्यधिक गरीबी दर 7.31 फीसदी से गिरकर 6.72 फीसदी ही रहेगी जो अभी भी तीन फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊपर है।

इस कसौटी पर देखें, तो भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं। यह संख्या 1990 में भारत में चरम गरीबी सीमा के नीचे आने वाले कुल लोगों की संख्या से ज्यादा है (तब भारत की जनसंख्या लगभग 88 करोड़ थी)। विश्व बैंक ने भारत सरकार की तरफ से हाल में जारी घरेलू उपभोग एवं खर्च सर्वे रिपोर्ट-2022-23 में अपनाई गई विधि की आलोचना की है। इस सर्वे के आधार पर सरकार ने भारत में गरीबी मिटाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति का दावा किया था। यानी कुल सार यह है कि भारत में गरीबी के मारे लोग आज भी बड़ी संख्या में हैं। जबकि गरीबी मापने का विश्व बैंक का पैमाना खुद आलोचनाओं के केंद्र में रहा है।

अनेक विशेषज्ञों ने इसे मनमाने ढंग से तैयार किया गया न्यूनतम पैमाना बताया है। अगर गौर करें कि मध्यम आय श्रेणी वाले भारत जैसे देश में रोज 139 रुपये खर्च क्षमता वाले व्यक्ति को विश्व बैंक गरीब नहीं मानता, तो समझा जा सकता है कि यह फॉर्मूला किस हद तक न्यूनतम है। आखिर इतनी रकम के साथ कोई व्यक्ति किस स्तर का उपभोग कर सकता है? बहरहाल, इस फॉर्मूले के मुताबिक भी 'सबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था' की यह सूरत उभरी है, हमारे विकास की दिशा क्या है, यह खुद जाहिर हो जाता है।

बीती 16 जनवरी को नीति आयोग द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में गरीबी का स्तर 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गया है, जिससे इसमें 17.89 प्रतिशत की कमी आई है। यह पेपर संघीय थिंक टैंक के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी द्वारा लिखा गया है। ऑक्सफोर्ड नीति और मानव विकास पहल और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने इसके लिए तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) मौद्रिक पहलुओं से परे कई आयामों में गरीबी को पहचानने का विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त तरीका है। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर में सुधार के जरिये मापा जाता है। यह 12 सतत विकास लक्ष्यों से संबद्ध संकेतकों के माध्यम से दर्शाए जाते हैं।

पेपर में संबंधित नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे राउंड तीन से पांच के डेटा का उपयोग करके वर्ष 2005-06, 2015-16 और 2019-21 के लिए भारत में बहुआयामी गरीबी का अनुमान लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि 2005-06 में 55.34 प्रतिशत, जो भारत की आधी से अधिक आबादी हैं बहुआयामी रूप से गरीब थी। कुल जनसंख्या में ऐसे गरीब व्यक्तियों का अनुपात 2005-06 में 55.34 प्रतिशत से गिरकर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत हो गया है, जो 26.17 प्रतिशत की कमी के दर्शाता है। लेकिन पेपर में कहा गया है कि घातीय पद्धति का उपयोग करके गरीबी की कुल संख्या अनुपात में गिरावट की गति 2005-06 और 2015-16 (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट दर) के बीच की अवधि की तुलना में 2015-16 और 2019-21 (10.66 प्रतिशत वार्षिक गिरावट दर) के बीच बहुत तेज थी।

पेपर में कहा गया है कि भारत 2024 के दौरान ही सिंगल-डिजिट गरीबी स्तर तक पहुंच जाएगा। पेपर के मुताबिक गरीबी में कमी मुख्य रूप से दो कारकों के कारण हासिल की गई है। पहला शासन और वितरण में सुधार है। और दूसरा, लॉन्च की जा रही अधिक से अधिक लक्षित योजनाएं, जो प्रत्येक संकेतक पर मैप की जाती हैं। इसलिए असर कहीं ज्यादा दिख रहा है। दर को किसी तरह कार्यक्रमों की संख्या के साथ सहसंबद्ध किया जा रहा है, जो प्रत्येक संकेतक पर निर्देशित हैं। 12 एमपीआई संकेतकों में से प्रत्येक को लक्षित करने वाली एक योजना है।

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि बात नए और पुराने मानकों के इस्तेमाल की नहीं है, बल्कि चिंताजनक बात यह है कि गरीबी के मोर्चे पर दुनिया लक्ष्य से चूक रही है। 2012 में यह तय किया गया था कि 2030 तक दुनिया को चरम गरीबी से मुक्त कर दिया जाएगा। लेकिन, नए मानकों के लिहाज से देखें, तो करीब आधी दुनिया चरम गरीबी के दायरे मे आ जाएगी। इस तरह 2030 तक चरम गरीबी मिटा पाने का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है।

-स्वतंत्र पत्रकार

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजार ताकतों पर नियंत्रण जरूरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाषक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाईन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वहीं है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में हैं कि किसान को अपनी तात्कालीक व आवश्यक जरुरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राषि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलियें लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाता रहा है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना

दरअसल बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सेंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाईन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिएं अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रुफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आंरभ हो जाएं तो निश्चित रुप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह से सैंध लगाई गई है उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। कहीं ना कहीं एक बार फिर से बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना कहीं ना कहीं यह बताता है कि कमोबेस बाजार ताकतें अधिक शक्तिशाली है और वे ही डोमिनेट करती है। इसलिए एक और जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है उसी तरह से बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरुरी हो जाता है ताकि एक और तो काश्तकार को ठगा महसूस करने से बचाया जा सके और आम नागरिक भी ठगा हुआ महसूस ना कर सके। कहीं ना कहीं बाजार पर सरकार के नियंत्रण की आवश्यकता है नाकि बाजारु ताकतों के हाथ में छोड़ने की। ऐसा होने पर ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 अक्टूबर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष द्वितीया, 09:51 तक, नक्षत्र : भरणी, 10:48 तक, योग : सिद्धि, 17:40 तक, सूर्योदय: 5:35, सूर्यास्त: 17:08, चन्द्रोदय : 18:31, चन्द्रास्त: 07:20, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 08:29 से 09:55

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन लाभ से भरा होगा और आपको सम्मानित किए जाने से मन खुश होगा। किसी से पैसे उधार न लें तो आपके लिए अच्छा होगा। रात का समय आनंद में बीतेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को लाभ होगा। आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ज्यादा भागदौड़ करने से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें। आपको किसी कारण से कष्ट में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग से आपको आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा। साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और सम्पत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने में आपका वक्त बीतेगा और आपको खुशी होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का मन किसी कारण से परेशान और अशांत रहेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। आपकी योजनाएं सफल होने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको विद्या और ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी और आप लोगों की मदद के लिए खुद आगे आएंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपको न चाहते हुए भी ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को सफलता प्राप्त होगी और आपके आनंद में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका काफी समय से लटका काम पूरा होगा। किसी विवाद का हल निकल आएगा। रुके कार्य पूर्ण होने से खुशी होगी।

## विदेश की खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मलावी के राष्ट्रपति से मुलाकात की

■ द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर बातचीत की



**लिलोंग्वे (मलावी) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां मलावी के राष्ट्रपति लाजारस मैकार्थी चकवेरा से मुलाकात की और कृषि, खनन, पर्यटन तथा ऊर्जा समेत अनेक क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर 'सार्थक' चर्चा की। मुर्मू अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में बृहस्पतिवार को मलावी पहुंचीं। उनकी उपस्थिति में कला और संस्कृति, खेल और फार्मास्युटिकल सहयोग समेत अनेक क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह मुलाकात लिलोंग्वे में स्टेट हाउस में हुई। वह अफ्रीकी देश मलावी की यात्रा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति हैं। चकवेरा ने 'एक्स' पर लिखा कि उन्हें मुर्मू की मेजबानी करके खुशी हुई, जिनके साथ बातचीत कृषि, खनन, पर्यटन, ऊर्जा, व्यापार, खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा में अधिक लाभ के लिए मलावी-भारत संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित थी।

### सिनवार की मौत के बाद हमास ने कहा: इजराइल के बंधकों को गाजा में संघर्ष विराम से पहले नहीं छोड़ा जाएगा

**यरूशलम :** हमास ने शुक्रवार को पुष्टि की कि उसका नेता याह्या सिनवार गाजा में इजराइली बलों के हमले में मारा गया है। साथ ही चरमपंथी संगठन ने अपना यह रुख दोहराया कि एक साल पहले इजराइल से बंधक बनाए गए लोगों को तब तक नहीं छोड़ा जाएगा जब तक गाजा में संघर्ष विराम नहीं होता और इजराइली सैनिकों की वापसी नहीं होती। इससे एक दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता तब तक देश की सेना लड़ती रहेगी और हमास को कमजोर करने के लिए गाजा में तैनात रहेगी। दोनों पक्षों का यह रुख इस बात का संकेत देता है कि दोनों ही संघर्ष को समाप्त करने के करीब नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और दुनिया के अन्य नेताओं ने कहा है कि सिनवार की मौत एक ऐसा निर्णायक मोड़ है जिसका इस्तेमाल रुकी हुई संघर्ष विराम वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए होना चाहिए। कतर में रहने वाले सिनवार के सिपहसालार खलील अल-हैया ने कहा, 'गाजा में हमलों के समाप्त होने और गाजा से सैनिकों की वापसी से पहले वो कैदी आपके पास नहीं लौटेंगे।' हैया ने अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता में हुई कई दौर की संघर्ष विराम वार्ता के दौरान समूह के प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की। हमास ने बयान में सिनवार को नायक बताया है और कहा है कि 'वह एक वीर शहीद के रूप में उभरे, आगे बढ़े और पीछे नहीं हटे, अपने हथियार लहराए, अग्रिम मोर्चे पर कब्जा करने वाली सेना से भिड़ गये और उसका सामना किया।' इजराइली सैनिकों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में सिनवार की मौत गाजा युद्ध के समीकरण को बदल सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 2892

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | |
| 9 | | | 10 | ■ | 11 | | 12 | | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 |
| 16 | 17 | 18 | | ■ | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | ■ | | ■ | |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | | 26 | |
| | ■ | 27 | ■ | 28 | 29 | | ■ | | ■ |
| 30 | | | | | | ■ | 31 | | |

➲ *बायें से दायें:-* 2) न्यायालय में अर्ज़ीनामा, 4) हतोत्साहित; निराश, 6) अपनापन, 8) छाछ, 9) आदरणीय, 11) बराबरी का, 13) लड़का; शिशु, 14) बहुत अधिक; सीमा, 16) बूँद-बूँद करके गिरना, 20) गति, 21) सोना, 22) एक मादक पेय, 23) कूचा, 24) रिश्वत, 25) उकसाना; भड़काना, 28) रद्दीकृत, 30) कृतघ्न, 31) दुःखगाथा.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) हलकी गरमी, 2) रात, 3) उद्देश्य; उपयोग; धंधा, 4) नाना, 5) अपरोक्ष; सामने, 7) नई मूँछ, 10) एक नदी, 12) गुणग्राहक, 15) आज्ञापत्र, 17) उलझन; रहस्य; *पज़ल*, 18) एक दो; घटाया; सीमित, 19) आरंभिक; पहला, 22) विनोद-प्रिय; विदूषक, 23) पेचीदा; अबोध्य, 25) प्रत्येक; हर एक, 26) लांछन, 27) बिल्कुल सही, 29) रघुवीर.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | म | द | ■ | अं | क | ग | णि | त |
| रा | ■ | का | म | या | ब | ■ | ह | ■ | र |
| म | ग | न | ■ | च | र | प | रा | ■ | की |
| दा | ल | ■ | पा | ना | ■ | सं | ■ | स | ब |
| ■ | त | ल | क | ■ | बा | द | ■ | मं | ■ |
| सा | फ | ■ | शा | य | द | ■ | अं | द | र |
| ■ | ह | म | ला | ■ | शा | न | दा | र | ■ |
| अ | मी | र | ■ | मे | ह | ■ | ज | ■ | बा |
| भी | ■ | ना | का | म | ■ | अ | न | प | ढ़ |

## सुडोकू-पहेली-2852

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 1 | | | |
| | 5 | 7 | | | | | | |
| | | 8 | | | | | | |
| 1 | 3 | | | | | 2 | | |
| 6 | | | 2 | | | 4 | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | 8 | 1 |
| | | | | 5 | | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2851 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 7 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 | 9 | 4 |

# सियालदह ईएसआई अस्पताल में लगी भीषण आग, दम घुटने से एक मरीज की मौत

❑ अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने घटनास्थल का लिया जायजा

❑ मरीजों को दूसरे अस्पतालों में किया गया स्थानांतरित



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के सियालदह स्थित सरकारी ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह सुबह करीब 5 बजे आग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर सर्जिकल विभाग में लगी, जिसके बाद दमकल की 10 गाड़ियां पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद सुबह 7.40 बजे आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत के चलते एक मरीज की मौत की खबर है। मृतक की पहचान उत्तम वर्द्धन के रूप में हुई है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उक्त रोगी कैंसर पीड़ित था। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय अस्पताल में करीब 70 मरीज भर्ती थे। ज्यादातर मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। कुछ मरीजों को मानिकतला ईएसआई अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। आग की सूचना पर राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस भी अस्पताल पहुंचे। अग्निशमन मंत्री ने कहा कि दमकल कर्मियों ने बहादुरी से काम किया और आग पर काबू पा लिया। दुर्गा पूजा के कारण कई मरीज छुट्टी लेकर घर चले गए थे, जिससे बड़ा नुकसान या जनहानि टल गई। आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने घोषणा की है कि शुक्रवार को बाह्य विभाग (आउटडोर) बंद रहेगा। आग के चलते अस्पताल में अफरा-तफरी व दहशत का माहौल रहा।

❑ **सीपी मनोज वर्मा ने घटनास्थल का किया दौरा, जांच का दिया आश्वासन**

दूसरी तरफ, कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने मौके पर जाकर पूरे मामले की जांच करने का आश्वासन दिया। इस दिन, सुबह 11 बजे के बाद पुलिस आयुक्त सियालदह ईएसआई अस्पताल गये। वहां उन्होंने अस्पताल अधीक्षक से बात की। बाद में, उन्होंने मीडिया से कहा कि आग कैसे लगी इसकी जांच की जाएगी। फॉरेंसिक टीम मौके पर आएगी। मनोज वर्मा ने कहा कि मरीज की मौत कैसे हुई इसकी भी जांच की जायेगी। उनके मुताबिक, पोस्टमार्टम के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## संदीप घोष ने नार्को टेस्ट और अभिजीत मंडल ने पॉलीग्राफ परीक्षण से किया इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में निलंबित पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल ने पॉलीग्राफ परीक्षण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया। इसके अलावा, आरजीकर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष ने भी नार्को परीक्षण के लिए सहमति देने से इनकार किया है। बता दें कि टाला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 14 सितंबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद, 18 सितंबर को कोलकाता पुलिस ने उन्हें निलंबित कर दिया था। एजेंसी ने अभिजीत मंडल को दुष्कर्म और हत्या के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि अभिजीत मंडल को सियालदह की एक अदालत ने पहले 17 सितंबर फिर 20 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेजा दिया था। अधिकारियों के मुताबिक, टाला पुलिस ने आरोपी संजय रॉय के कपड़े और अन्य सामान जब्त करने में दो दिन की देरी की। अगर समय रहते कपड़े जब्त कर लिए जाते तो उसके खिलाफ मजबूत सबूत मिल सकते थे।

## आरजीकर पीड़िता के शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर फिर पहुंचे सीबीआई कार्यालय

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में एक जूनियर महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच के तहत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बार फिर मृतका के शव का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉ. अपूर्व विश्वास को पूछताछ के लिए तलब किया था। तदानुसार, शुक्रवार को डॉ. अपूर्व विश्वास सॉल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे शाम तक पूछताछ जारी रही। बता दें कि इसके पहले भी सीबीआई अधिकारी उनसे पूछताछ कर चुके हैं। चिकित्सक विश्वास ने पहले मीडिया के समक्ष आरोप लगाया था कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम जल्द करने के लिए उनपर दबाव डाला गया था और ऐसा नहीं करने पर उन्हें धमकी भी मिली थी। हालांकि, यह जांच का विषय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि एक शख्स ने खुद को पीड़िता का चाचा बताते हुए उन्हें धमकी दी थी। बताया जा रहा है कि सीबीआई मृतका के शव के पोस्टमार्टम से संबंधित तथ्यों का भी पता लगाने में जुटी हुई है। हालांकि, विश्वास से पूछताछ को लेकर सीबीआई की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.: [01]। निविदा सं.: इंजी-28-2024-25। कार्य का नाम:** स्ट्रीट नं. 43ए, चिरेका, चित्तरंजन में एक (01) लाख गैलन क्षमता की 01 संख्यक आरसीसी ईएसआर का निर्माण। **निविदा मूल्य: रु. 93,94,170.33। ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 1,87,900.00। **पीडीसी:** 06 (छह) महीने। **बंद होने की तारीख: 08/11/2024। टिप्पणी:** (01) सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं **www.clw.indianrailways.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (02) **सम्पर्क नम्बर: 9163340201, 9163340202।**

[PR4/668] डीईएन/चिरेका/चित्तरंजन

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways

## बंगाल सरकार आरजीकर परिसर में बिना लाइसेंस वाली दुकानें हटाएगी

❑ कॉलेज काउंसिल की बैठक में लिया गया फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के परिसर में बिना लाइसेंस वाली सभी दुकानों को हटाने के लिए प्रशासन को निर्देश देने का फैसला किया है। यह कदम स्वास्थ्य सुविधा में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों और लोगों के दबाव के बीच उठाया गया है। दरअसल, आरजीकर के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल के खिलाफ भारी कमीशन के लिए अस्पताल परिसर में बिना लाइसेंस वाली दुकानें खोलने की अनुमति देने के लिए कई शिकायतें मिली थीं। दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने शिकायत की कि ये बिना लाइसेंस वाली दुकानें मुख्य रूप से बाहरी असामाजिक तत्वों का जमावड़ा थीं, जिससे अस्पताल परिसर के अंदर का माहौल खराब हो रहा था। आरजीकर के सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को कॉलेज काउंसिल की बैठक में बिना लाइसेंस वाली दुकानों का मुद्दा चर्चा के लिए आया, जहां बैठक में मौजूद कई लोगों ने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर से बिना लाइसेंस वाली दुकानों को हटाने के लिए आवाज उठाई। नाम न बताने की शर्त पर स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पूरी संभावना है कि इन बिना लाइसेंस वाली दुकानों को अगले सात दिनों के भीतर नोटिस दिया जाएगा कि वे उचित समय के भीतर अपना सामान हटा लें। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों से भी बिना लाइसेंस वाली दुकानों को हटाने के लिए इसी तरह की पहल की जा सकती है।

## आरजीकर वित्तीय अनियमितता मामला : छह और डॉक्टर सीबीआई जांच के घेरे में

### सीबीआई की मांग, राज्य सरकार आरोपियों के खिलाफ करें कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के छह और डॉक्टर कथित तौर पर वित्तीय अनियमितता के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के घेरे में हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी की जांच के घेरे में आए इन छह डॉक्टरों में आरजीकर के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष और उसी अस्पताल से जुड़े उनके विश्वासपात्र हाउस स्टाफ आशीष पांडे के अलावा अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्हें वित्तीय अनियमितता मामले में सीबीआई अधिकारियों ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और वे इस सिलसिले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी इन छह डॉक्टरों के खिलाफ अपने निष्कर्षों के बारे में राज्य सरकार को सूचित करने पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए उन्हें उनके संबंधित पदों से हटा सके। बता दें कि इससे पहले सीबीआई ने इन संदिग्ध छह डॉक्टरों से पूछताछ की थी। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हासिल किए हैं, जो वित्तीय अनियमितताओं के मामले में इन छह डॉक्टरों की संलिप्तता की ओर इशारा करते हैं। वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मुख्य आरोपों में अस्पताल में टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी कर अयोग्य ठेकेदारों को मोटी कमीशन पर ठेके देना, राज्य लोक निर्माण विभाग की अनदेखी कर निजी आउटसोर्स एजेंसियों से अस्पताल के बुनियादी ढांचे से जुड़े काम अवैध रूप से कराना, बायो-मेडिकल कचरे की तस्करी और अस्पताल के मुर्दाघर में आने वाले अज्ञात शवों के अंगों को खुले बाजार में बेचना शामिल है।



## बंगाल में राजनीतिक संरक्षण के कारण हमेशा से होता रहा है अपराध : भाजपा

**नई दिल्ली/कोलकाता :** नदिया जिले के कृष्णानगर में 12वीं की एक छात्रा से दुष्कर्म के मामले को लेकर विपक्ष ने ममता सरकार पर फिर से निशाना साधना शुरू कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। तुहिन सिन्हा ने कहा कि बंगाल में दुष्कर्म और अपराध का सिलसिला रुक नहीं रहा है। बंगाल में राजनीतिक संरक्षण के कारण अपराध हमेशा से होता रहा है। यह रुकने का नाम ही नहीं लेता। यूपी के सीएम योगी अपराधियों से निपटने का एक अलग ही तरीका अपनाते हैं। बहराइच में राम गोपाल मिश्रा की हत्या के आरोपियों को घटना के पांच दिन के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। दो आरोपी घायल भी हुए। लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती से निपटना पड़ता है। ममता बनर्जी ऐसा करने में अक्षम रही हैं। मुझे लगता है कि राजनीतिक संरक्षण के बिना अपराध बढ़ना संभव नहीं है।

**चिकित्सा सामग्रियों के लिए विक्रेताओं की सूचीबद्धता**

पूर्व रेलवे अस्पताल, लिलुआ के लिए एमआरपी पर रियायत के लिए दर संविदा के अंतर्गत औषधियों, सर्जिकल सामग्रियों एवं उपभोग्य की वस्तुओं की प्रतिदिन स्थानीय खरीददारी के लिए आपूर्तिकर्ताओं के पैनल तैयार करने के लिए विक्रेताओं से आईआरईपीएस के जरिए ऑनलाइन बोलियां (खुली निविदा सं. एचएसटी1एलएलएच24एलपी01) **दिनांक 08.11.2024 को दोपहर 12.30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। विवरण के लिए कृपया **www.er.indianrailways.gov.in** देखें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे अस्पताल, लिलुआ

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/टेली, मेट्रो रेलवे, कोलकाता** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से खुली निविदा के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसे दिनांक **13.11.2024** को अपराह्न **3.30** बजे खोला जाना निर्धारित है। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। **कार्य का नाम :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के जीएम बंगलो तथा जीएम कार्यालय में उपयोग के लिए टाटा स्काई डीटीएच एचडी कनेक्शन के सर्विस पैक द्वारा रिचार्ज। **निविदा मूल्य : ₹** 1,53,505.80। **बयाना राशि : ₹** 3,100। **पूरा करने की अवधि :** 36 महीना। निविदा वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं / बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर उनका पंजीकरण अवश्य होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।

**निविदा सूचना संख्या : एस एंड टी/वर्क_20-2024-रिटेंडर**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## उपचुनाव : तृणमूल रविवार को उम्मीदवारों की सूची कर सकती है प्रकाशित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के छह विधानसभा केंद्रों पर होने वाले उपचुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची इस सप्ताह प्रकाशित हो सकती है। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, अभी अंतिम चयन का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अंतिम फैसला ले रही हैं। सूत्रों के अनुसार, नैहाटी केंद्र में सनत दे के नाम पर चर्चा हो रही है। सनथ दे नैहाटी टाउन तृणमूल के ब्लॉक अध्यक्ष और चेयरमैन इन काउंसिल हैं। हालांकि, सूत्रों का दावा है कि इस केंद्र में कुछ आश्चर्य भी देखने को मिल सकते हैं। चर्चा में हैं। हरोआ केंद्र में कई नामों पर चर्चा चल रही है। इनमें दिवंगत सांसद हाजी नुरुल के बेटे के नाम पर भी विचार चल रहा है। यहां तृणमूल का विचार स्थानीय संगठनात्मक चेहरों को मैदान में उतारने का है। उम्मीदवारों की यह सूची आगामी रविवार तक प्रकाशित होने की संभावना है।

**उत्तर मध्य रेलवे के तहत ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, उत्तर मध्य रेलवे के तहत गोविंदपुरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 01 (लाइन नं. 01, अप कॉमन लूप लाइन) पर **45 दिनों के लिए (दिनांक 08.11.2024 से 22.12.2024 तक) ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी : (1) **03575 आसनसोल-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 08/11, 15/11, 22/11, 29/11, 06/12, 13/12 एवं 20/12/2024) चन्दारी-गोविंदपुरी-पनकी धाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम होकर चलेगी तथा कानपुर सेंट्रल (आगमन रात 12.20 बजे एवं प्रस्थान रात 12.25 बजे) में अस्थाई रूप से ठहरेगी। (2) **03435 मालदा टाउन-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 11/11, 18/11, 25/11, 02/12, 09/12 एवं 16/12/2024) चन्दारी-गोविंदपुरी-पनकी धाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम होकर चलेगी तथा कानपुर सेंट्रल (आगमन सुबह 07.25 बजे एवं प्रस्थान सुबह 07.30 बजे) में अस्थाई रूप से ठहरेगी। (3) **03007 हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 10/11, 17/11, 24/11, 01/12, 08/12, 15/12 एवं 22/12/2024) चन्दारी-गोविंदपुरी-पनकी धाम के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेंट्रल-पनकी धाम होकर चलेगी तथा कानपुर सेंट्रल (आगमन अपराह्न 02.30 बजे एवं प्रस्थान अपराह्न 02.35 बजे) में अस्थाई रूप से ठहरेगी। (4) **22197 कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 10/11, 17/11, 24/11, 01/12, 08/12, 15/12 एवं 22/12/2024) चन्दारी-गोविंदपुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्दारी-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी होकर चलेगी तथा कानपुर सेंट्रल (आगमन रात 03.25 बजे एवं प्रस्थान रात 03.30 बजे) में अस्थाई रूप से ठहरेगी। उपरोक्त सभी 04 ट्रेनें मार्ग परिवर्तन के ऊपर उल्लेखित दिनों को गोविंदपुरी में नहीं ठहरेगी। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मुख्य सचिव ने राज्य के अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था व विकास को लेकर की अहम बैठक

### ❑ 31 अक्टूबर के अंदर सभी कार्य पूरा करने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने शुक्रवार को राज्य के 28 मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में चल रहे आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्य की समीक्षा की। राज्य सचिवालय में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव नारायण स्वरूप निगम के साथ-साथ सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल एवं अधीक्षक मौजूद रहे। राज्य सचिवालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्य सचिव ने सभी मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों के प्रिंसिपल व अधीक्षकों को आधारभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों को 31 अक्टूबर के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया है। बताया गया है कि 28 मेडिकल कॉलेजों में नये सीसीटीवी लगाने, शौचालय निर्माण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर लगभग 120 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं। कुल 7,051 नये सीसीटीवी लगाये जाने हैं। राज्य सरकार ने अस्पतालों से रोगियों के स्थानांतरण को लेकर सेंट्रल रेफरल सिस्टम विकसित किया है, जिसे 15 अक्टूबर से पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत लागू किया जा चुका है। एक नवंबर से यह राज्यभर में लागू किया जायेगा और मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को अपने-अपने मेडिकल कॉलेजों में इसे लागू करने का निर्देश दिया है।

### भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों के इलाज को लेकर चिंतित राज्य, स्वास्थ्य सचिव ने दैनिक स्वास्थ्य रिपोर्ट मांगी

**भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों के इलाज को लेकर राज्य चिंतित है। दरअसल, 'भूख हड़ताल' के दौरान कई डॉक्टर बीमार पड़ गए हैं, उनमें से कई अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेजों को उनके इलाज के लिए पर्याप्त उपाय करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने एक बहु-विषयक मेडिकल बोर्ड के गठन का आदेश दिया। स्वास्थ्य सचिव नारायणस्वरूप निगम ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट दिन में दो बार स्वास्थ्य भवन भेजने के आदेश दिए है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि डॉक्टरों के इलाज की निगरानी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और अधीक्षक व्यक्तिगत रुप से स्वयं करें। बीमार अनशनकारियों का इलाज सीसीयू में किया जा रहा है। स्वास्थ्य भवन जानना चाहता है कि वे कैसे हैं। उल्लेखनीय है कि 10 सूत्री मांग को लेकर 6 जूनियर डॉक्टर 5 अक्टूबर से धर्मतला में 'आमरण अनशन' पर बैठ गये। उनमें से तीन, अनुष्टुप मुखर्जी, पुलस्त्य आचार्य और तनया पांजा बीमार पड़ गए। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। 6 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर बैठे आरजीकर के जूनियर डॉक्टर अनिकेत महतो भी बीमार पड़ गये और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, गुरुवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई।**

## कृष्णानगर छात्र दुष्कर्म-हत्या मामला : जांच अधिकारी का स्थानांतरण, इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को सौंपा गया प्रभार

**कोलकाता, समाज्ञा**

नदिया जिले के कृष्णानगर में युवती की हत्या की जांच में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सब इंस्पेक्टर सुमित दे को जांच के प्रभार से हटा दिया गया है। उनकी जगह इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी कौशिक साव को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, चूंकि, घटना बेहद संवेदनशील है, इसलिए सब-इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी की जगह इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार की सुबह कृष्णानगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर एक पूजा मंडप के सामने एक अधजला शव मिला था। कुछ ही घंटों में उसकी पहचान हो गई। कथित तौर पर, 12वीं कक्षा की युवती से दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई और हत्या के बाद सबूतों के अभाव में उसका चेहरा जला दिया गया। इस घटना में लड़की के बॉयफ्रेंड राहुल बोस को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की जांच के एसआईटी का भी गठन किया गया है। हालांकि, पीड़ित परिवार का दावा है कि उन्हें पुलिस पर भरोसा नहीं है। मृतक के परिजन सीबीआई जांच के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। उथल-पुथल भरे हालात के बीच इस हत्याकांड में जांच अधिकारी को बदल दिया गया है।

## छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में कांग्रेस से समझौते पर माकपा में मंथन जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य की छह विधानसभा सीटों के उपचुनावों की तैयारी जोरों पर है। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) में कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर मंथन जारी है। चुनाव में कांग्रेस के साथ पार्टी का गठबंधन होगा या नहीं, इसे लेकर शुक्रवार को फैसला होने की उम्मीद है। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम फिलहाल इंग्लैंड में हैं, इसलिए उपचुनावों के मद्देनजर पार्टी नेतृत्व ने गुरुवार की देर रात तक वर्चुअल बैठक के जरिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। बैठक में तय हुआ है कि छह विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी पार्टी की सचिव मंडली के छह सदस्यों को सौंपी जाएगी। कूचबिहार की सिताई विधानसभा सीट के लिए जीवेश सरकार, अलीपुरद्वार के मदारीहाट के लिए जी. आलम, उत्तर 24 परगना के नैहाटी के लिए श्रीदीप भट्टाचार्य, हड़ोआ के लिए पलाश दास, मेदिनीपुर के लिए सुजन चक्रवर्ती, और बांकुड़ा के तालडंगरा के लिए अमिय पात्र को चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। 2021 के विधानसभा चुनावों में इन छह सीटों में से सिताई में कांग्रेस, मदारीहाट में आरएसपी और हड़ोआ में आईएसएफ ने चुनाव लड़ा था। इस बार के उपचुनावों के लिए समीकरण बदल चुके हैं। फुरफुरा शरीफ के साथ माकपा की दूरी का मुद्दा और कांग्रेस में अधीर चौधरी की जगह शुभंकर सरकार के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इस राजनीतिक परिदृश्य में, माकपा को यह तय करना है कि वह गठबंधन करेगी या नहीं। वाम मोर्चे की घटक फॉरवर्ड ब्लॉक ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह सिताई से चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस ने अभी तक उपचुनावों पर कोई बयान नहीं दिया है। इसके अलावा, पार्टी ने माकपा (माले) लिबरेशन के साथ भी बातचीत करने का इरादा जताया है ताकि एक बड़ा वामपंथी गठबंधन बनाया जा सके, भले ही कांग्रेस के साथ समझौता न हो। अब देखने की बात यह होगी कि माकपा और वाम मोर्चा इस उपचुनाव में किस रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडीएमएन, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा **ई-नीलामी** आमंत्रित की जाती है एवं **वर्ष 2024 के नवंबर माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम** नीचे संलग्न किया जाता है।

**सं.: एस.4/एस/डीएपी/2024-25** — **दिनांक 17.10.2024**

| क्रम | डिपो/मंडल | कार्यक्षेत्र | तिथि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो, हावड़ा और आसनसोल मंडल | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 20.11.2024 | 27.11.2024 |
| 2 | हालिशहर डिपो | हालिशहर डिपो और सियालदह मंडल | 05.11.2024 | 12.11.2024 | 21.11.2024 | 28.11.2024 |
| 3 | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो और मालदा टाउन मंडल | 04.11.2024 | 14.11.2024 | 22.11.2024 | 29.11.2024 |
| 4 | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 04.11.2024 | 12.11.2024 | 19.11.2024 | 26.11.2024 |
| 5 | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 06.11.2024 | 14.11.2024 | 21.11.2024 | 29.11.2024 |
| 6 | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 05.11.2024 | 11.11.2024 | 18.11.2024 | 27.11.2024 |
| 7 | मालदा टाउन मंडल | मालदा टाउन मंडल | 08.11.2024 | 20.11.2024 | 28.11.2024 | – |

STORES-49/2024-25 — मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडीएमएन

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## निगम के चिकित्सक भी होंगे हड़ताल में शामिल, आंदोलन के समर्थन में पहनेंगे बैज

**कोलकाता :** रेड रोड में गिरफ़्तार हुए चिकित्सक तपोब्रत के साथ कोलकाता नगर निगम के अन्य डॉक्टर भी आ गए हैं। निगम के चिकित्सक भी जूनियर चिकित्सकों के हड़ताल में शामिल होंगे। 48 घंटे की समय सीमा के बाद, कोलकाता नगर निगम ने डॉक्टरों की मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सूबे के अधिकारियों ने पूजा कार्निवल से डॉक्टर तपोब्रत रॉय को हिरासत में लेने की निंदा नहीं की।कोलकाता पुलिस की ओर से खेद व्यक्त करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं. ऐसे में नगर निगम के डॉक्टर भी सख्त कदम उठाने जा रहे हैं। नगर निगम के डॉक्टरों का दावा है कि वे भी सांकेतिक भूख हड़ताल में शामिल होंगे क्योंकि नगर निगम अधिकारी उनकी मांगें नहीं मानते हैं। नगर निगम के डॉक्टर 'प्रतीकात्मक भूख हड़ताल' बैज पहनकर धर्मतला मंच पर जाएंगे। इतना ही नहीं डॉक्टर को ड्यूटी के दौरान पूजा के कार्निवल से गिरफ्तार किया गया था।कथित तौर पर, उन्हें पुलिस ने इसलिए उठाया क्योंकि उन्होंने उस दिन 'प्रतीकात्मक भूख हड़ताल' का बैज पहन रखा था। उनके सहयोगियों ने भी तपोब्रत को कानूनी मदद मुहैया कराने का फैसला किया है। कार्निवल के अगले दिन तपोब्रत भी ऑफिस आए। उस दिन भी उन्होंने 'जस्टिस फॉर अभय' बैज पहन रखा था। इसे लेकर बुधवार को कोलकाता नगर निगम में बैठक हुई। बैठक में डॉक्टरों के साथ नगर निगम के स्वास्थ्य सलाहकार भी मौजूद थे। बैठक के बाद डॉक्टरों ने नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को एक मांग पत्र मेल किया। मांग पत्र में डॉक्टरों ने लिखा कि कोलकाता नगर प्राधिकरण को सार्वजनिक और आधिकारिक तौर पर इस घटना की निंदा करनी चाहिए। तपोब्रत रॉय के खिलाफ सभी शिकायतें वापस लेने और कोलकाता पुलिस की ओर से खेद व्यक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। डॉक्टरों ने चेतावनी दी कि अगर शहर के अधिकारी गुरुवार शाम 5 बजे तक मांगों को पूरा करने में विफल रहे तो वे अत्यधिक कदम उठाएंगे। वह समय सीमा बीत चुकी है। उनलोगों ने हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है।




विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

### पश्चिम बंगाल ने अमेजन के साथ मनाया त्योहारों का जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया है कि कंपनी को पश्चिम बंगाल और कोलकाता में डबल डिजिट की ग्रोथ हासिल हुई है। कंपनी को इस रीजन में होम, किचन और आउटडोर बिजनेस में 20% की सालाना ग्रोथ देखने को मिली है। पश्चिम बंगाल राज्य अमेजन के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। यह राज्य परिचालन सुविधाओं के साथ-साथ कस्टमर एवं सेलर बेस दोनों मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत के सबसे पसंदीदा बाजार के रूप में, अमेजन राज्य भर में लोकल स्टोर और एमएसएमई के साथ मिलकर काम कर रहा है। राज्य में अमेजन के 95 से अधिक सर्विस पार्टनर, 3 डिलीवरी स्टेशन और 62 हजार से अधिक सेलर्स हैं। इसके अलावा, इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने पूरे भारत में एक मजबूत फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने और कोलकाता में 3 फुलफिलमेंट सेंटर और सॉर्टेशन सेंटर स्थापित करने के लिए भी निवेश किया है।

### सियालदह-गोरखपुर-सियालदह स्पेशल के साथ जोड़े गए दो सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा के लिए लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच को बढ़ा रहा है। इस पूरे वर्ष टिकटों की भारी मांग के जवाब में, पूर्व रेलवे ने 03131/03132 सियालदह-गोरखोपुर-सियालदह पूजा स्पेशल के साथ दो अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है, जो 19 अक्टूबर से सियालदह से रवाना होगी और 20 अक्टूबर से गोरखपुर से रवाना होगी। यह पूजा स्पेशल ट्रेन 18 कोच की जगह 20 कोच के साथ चलेगी।

# कोलकाता मेट्रो मना रहा है 40 साल पूरे होने का जश्न

❏ **18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक समारोह का आयोजन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो 24 अक्टूबर को अपने 40 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस अवसर का जश्न मनाने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले समारोह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन शुक्रवार से शुरू हो चुका है। इस दिन, मेट्रो रेल भवन में मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने प्रेस कांफ्रेंस में मेट्रो रेलवे, कोलकाता, भारत की पहली मेट्रो के विभिन्न आशाजनक पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि मेट्रो कोलकाता जैसे शहर में मास रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमआरटीएस) की आवश्यकता को पूरा करने में सफल रहा है। उन्होंने कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में यातायात समस्याओं को कम करने के लिए इस मेट्रो प्रणाली के क्रमिक विकास पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने मेट्रो रेलवे का एक स्मारक स्मार्ट कार्ड भी जारी किया। यह कार्ड जल्द ही काउंटरों पर उपलब्ध होगा।



कोलकाता मेट्रो के 40 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेट्रो भवन में स्मारक स्मार्ट कार्ड व नया लोगो जारी करते मेट्रो रेलवे के जीएम पी. उदय कुमार रेड्डी। साथ में सीपीआरओ कौशिक मित्रा व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।

इस मौके को यादगार बनाने के लिए महाप्रबंधक ने तीन लघु फिल्में भी रिलीज की। एक फिल्म में रितुपर्णा सेनगुप्ता, गौतम घोष, हर्ष नेवटिया, झूलन गोस्वामी और अन्य जैसी मशहूर हस्तियों ने मेट्रो रेलवे के बारे में अपने विचार साझा किए हैं और बताया है कि कैसे इसने कोलकाता की परिवहन प्रणाली को बदल दिया है। वहीं, एक अन्य फिल्म में ऐतिहासिक बारीकियों और मेट्रो के क्रमिक विस्तार पर प्रकाश डाला गया है। दैनिक यात्रियों और पहले मोटरमैन तपन नाथ ने तीसरी फिल्म में इस अनूठी मेट्रो प्रणाली के बारे में अपने विचार साझा किए हैं, जिसे सभी ने सराहा है।

मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक रेड्डी ने प्रेस वार्ता में उल्लेख किया कि कोलकाता में मेट्रो प्रणाली कोलकाता, हावड़ा, उत्तर और दक्षिण 24 परगना को एक साथ जोड़ दिया है और आमार मेट्रो' बन गया है। हावड़ा, हुगली, मेदिनीपुर, वर्दवान, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, नदिया के निवासी हावड़ा, सियालदह, दमदम और कवि सुभाष स्टेशनों से मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। मेट्रो रेलवे अब प्रतिदिन लगभग 7 लाख यात्रियों को ले जा रहा है। 24 अक्टूबर, 1984 को जब कोलकाता में पहली मेट्रो सेवा शुरू हुई तो यह अकल्पनीय था।

❏ **2025 तक कोलकाता में 90 किमी तक होगी सेवा**

2025 तक, कोलकाता मेट्रो नेटवर्क 90 किलोमीटर तक फैल जाएगा और 2027 तक यह बढ़कर 130 किलोमीटर हो जाएगा। मेट्रो रेलवे की दिसंबर, 2025 तक न्यू गरिया और नोआपाड़ा दोनों तरफ से हवाई अड्डे से जुड़ने की भी योजना है। महाप्रबंधक ने कहा कि एक बार यह हासिल हो जाने पर, मेट्रो नेटवर्क कोलकाता और हावड़ा को पूरी तरह से घेरने में सक्षम हो जाएगा, जिससे लाखों यात्रियों को लाभ होगा।

❏ **शुरु हुआ जश्न**

मेट्रो रेलवे, कोलकाता ने 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 2024 तक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाने की विस्तृत योजना बनाई है। इस कार्यक्रम के लिए एक लोगो पहले ही तैयार किया जा चुका है और विभिन्न प्रतियोगिताएं, हेरिटेज वॉक, वॉकथॉन, प्रदर्शनी, रनिंग ऑफ ओल्ड आयोजित की जाएंगी। नॉन-एसी रेक, सांस्कृतिक संध्या आदि। इसे एक यादगार अवसर बनाने के लिए योजना बनाई गई है। विशेष फिल्में भी बनाई गई हैं, जहां दैनिक यात्रियों से लेकर मशहूर हस्तियों तक ने 'हमारी अपनी मेट्रो' के बारे में अपने विचार साझा किए हैं। प्रदर्शनी में दुर्लभ तस्वीरें, पुराने टिकट, स्मार्ट कार्ड और फिलैटेली वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। समारोह के दौरान एक विशेष कवर और डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

## फिर से खोली जाए 23 साल पहले मेडिकल छात्र मौत मामले की फाइल

❏ **मृत छात्र के भाई ने राज्य सरकार से किया अनुरोध**

❏ **तत्कालीन वाममोर्चा सरकार पर मामले को रफा-दफा करने का लगा था आर-ोप**

**कोलकाता, समाज्ञा**

23 साल पहले आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेडिकल छात्र सौमित्र बिस्वास की मौत के मामले की फाइल को फिर से खोलने के लिए उनके भाई शांतनु बिश्वास ने राज्य से सरकार से अनुरोध किया है।

बता दें कि मेडिकल छात्र सौमित्र बिस्वास का शव अस्प-ताल के हॉस्टल में फंदे से लटका मिला था।

पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि सौमित्र ने आत्महत्या की है। लेकिन मृत छात्र की मां को इस पर विश्वास नहीं था और उन्होंने इसके खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

उनका आरोप था कि हॉस्टल में अश्लील फिल्म की शूटिंग का विरोध करने पर सौमित्र को जान से हाथ धोना पड़ा था। तब तत्कालीन वाममोर्चा सरकार पर मामले को रफा-दफा करने का आरोप लगा था।

टीएमसी सांसद पार्थ भौमिक ने कहा कि वह इस मामले को लेकर वकीलों से बात करेंगे।

## बालुरघाट में लड़की की रहस्यमय मौत

### दो लापता रहने के बाद तालाब में मिला शव

**बालुरघाट :** आरजीकर, कृष्णानगर घटना को लेकर पूरे बंगाल में उबाल है। ऐसे में बालुरघाट में एक लड़की की रहस्यमय मौत हो गई। दो दिन लापता रहने के बाद तालाब से शव बरामद हुआ। पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि मृतक का नाम तुली बर्मन है। उम्र 26 साल है। वह बालुरघाट के शिवरामपुर का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, युवती पिछले बुधवार से लापता है। कई जगह खोजा लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वो नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह बालुरघाट ब्लॉक के भाटपाड़ा ग्राम पंचायत के चकघटक इलाके में स्थानीय लोगों ने एक युवती का शव तालाब में तैरता हुआ देखा। घटना से आसपास के इलाके में स्वाभाविक रूप से सनसनी फैल गई। थाने में सूचना दी। पुलिस ने जाकर शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बरामद शव लापता तुली बर्मन का है। मृतक मिर्गी रोग से पीड़ित थी। संभवत: वह किसी तरह पानी में गिर गई। शायद उसके बाद वह उठ नहीं सका। हालांकि, जांचकर्ता इसके पीछे किसी अन्य कारण की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। युवती की मौत कैसे हुई? पुलिस गुत्थी सुलझ-ाने में जुटी है।



## विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की नियुक्ति के लिए पहले दिन इंटरव्यू पूरी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार से सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार शुक्रवार से शुरू हो गए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सर्च कमेटी इंटरव्यू ले रही है। हालांकि, राज्यपाल की करीबी कुलपति शांता दत्ता को इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया गया। इस दिन, साक्षात्कार मुख्य रूप से सिधू कानू विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति के लिए आयोजित किए गए। सूत्रों के अनुसार, शांता दत्ता के अलावा गौड़बंगा, कल्याणी, काजी नजरूल, बारासात राष्ट्रीय, पंचानन बर्मा विश्वविद्यालय के पांच पूर्व कुलपतियों के नाम साक्षात्कार सूची में नहीं हैं। इनमें पंचानन बर्मा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति देवकुमार मुखोपाध्याय भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्य-राज्यपाल के बीच टकराव लंबे समय से चला आ रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट कर पहुंच गया। बाद में, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पूर्व मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित के नेतृत्व में एक खोज-सह-चयन समिति का गठन किया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, खोज-सह-चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित हैं। उनमें से 500 का चयन किया गया है।

## एसेट रिप्लेसमेंट और सिग्नलिंग प्रणाली के अपग्रेड के साथ बढ़ी ट्रेन सुरक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने ट्रेन परिचालन की सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए पुराने उपकरणों के प्रतिस्थापन सहित सिग्नलिंग प्रतिष्ठानों में महत्वपूर्ण उन्नयन किए हैं। सितंबर 2024 में, एसएंडटी विभाग ने 92 पॉइंट मशीनों को सफलतापूर्वक बदल दिया। विभिन्न डिवीजनों में इंस्टॉलेशन वितरित किए गए, जिसमें से आसनसोल में 15, हावड़ा में 28, मालदह में 18 और सियालदह में 31 शामिल है। इससे चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में कुल 361 पॉइंट मशीनें बदली गईं, जो बिना किसी देरी के परेशानी मुक्त ट्रेन आवाजाही के लिए रेलवे के समर्पण को रेखांकित करती है। इसके अतिरिक्त, पुरानी सिग्नलिंग केबलों का प्रतिस्थापन एक विश्वसनीय सिग्नलिंग प्रणाली को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक, सिग्नल और टेलीकॉम विभाग ने 41.19 किमी लंबी सिग्नलिंग केबल को बदल दिया है, जो सितंबर, 2024 के अंत तक पूर्वी रेलवे पर कुल 218 किमी का योगदान देता है। सुरक्षा उपायों को और बढ़ाने के लिए, पांच ब्लॉक लाइन खंडों में डुअल ब्लॉक प्रो-विंग एक्सल काउंटर स्थापित किए गए हैं। जिसमें हावड़ा डिवीजन के दियारा-सिंगुर (अप एंड डाउन), सागरदिघी-गोसाईंग्राम (डाउन), कुर्वा-शिकारीपाड़ा (सिंगल लाइन), और कुर्वा-दुमका (सिंगल) लाइन शामिल है। यह पहल वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक इस तकनीक से लैस कुल 28 ब्लॉक लाइन अनुभागों को जुटाती है। इसके अलावा, हावड़ा और मालदह डिवीजनों में दो डबल लाइन ब्लॉक उपकरणों के प्रतिस्थापन ने समग्र प्रयासों में योगदान दिया है, जिससे इस वित्तीय वर्ष में प्रतिस्थापित ब्लॉक उपकरणों की कुल संख्या 16 हो गई है।

### आरपीएफ ने अवैध टिकटिंग के खिलाफ अभियान चलाते हुए 6.95 लाख रुपये के 325 अवैध टिकट किए जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ द्वारा अवैध टिकटिंग से निपटने के लिए लगातार कार्रवाई की जाती है। आरपीएफ ने दलाली के खिलाफ एक महीने का अभियान चलाया। यह अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चार डिवीजनों- हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह में चलाया गया। जहां 48 पंजीकृत मामलों में 43 लोगों की गिरफ्तारी हुई। इस दौरान कुल 325 अवैध टिकट बरामद किए गए, जिनकी कीमत 6.95 लाख रुपये है। इस दौरान 1,68,771 मूल्य के 91 लाइव टिकट और 5,26,930 मूल्य के 234 पुराने टिकट जब्त किए गए। हावड़ा डिवीजन में 19 मामले दर्ज किए गए और 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 46,335 मूल्य के कुल 34 लाइव टिकट और 1,77,417 मूल्य के 60 पुराने टिकट जब्त किए गए। सियालदह डिवीजन में 17 मामले दर्ज किए गए और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 86,793 मूल्य के कुल 39 लाइव टिकट और 1,53,953 मूल्य के 54 पुराने टिकट जब्त किए गए। आसनसोल डिवीजन में 9 मामले दर्ज और 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 35,644 मूल्य के कुल 18 लाइव टिकट और 1,88,800 रुपये के 112 पुराने टिकट बरामद किए गए। मालदह डिवीजन में 3 मामले दर्ज और 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि कोई लाइव टिकट जब्त नहीं किया गया, 6,761 रुपये के 8 पुराने टिकट जब्त कर लिए गए।

## चिरेका के महाप्रबंधक ने डबल्यूएपी-5 एयरोडायनामिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को चिरेका से किया रवाना

**चित्तरंजन :** डबल्यूएपी-5 एयरोडायनामिक इलेक्ट्रिक परिवर्तित लोकोमोटिव की पहली जोड़ी शुक्रवार को शॉप-19 के टेस्ट शेड से महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हरी झंडी दिखाने के अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। यह परिवर्तित लोकोमोटिव की पहली जोड़ी है। इन इंजनों को आईसीएफ में एलएचबी रेक के साथ एकीकृत किया जाएगा और अमृत भारत ट्रेनों में उपयोग किया जाएगा। चालू वर्ष 2024-25 में, चिरेका ने मौजूदा डबल्यूएपी-5 लोकोमोटिव के 55 जोड़े को एक तरफ एयरोडायनामिक कैब के साथ पुश पुल अनुरूप संस्करण में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा है। जिसमें कैब के इंटीरियर की एफआरपी फर्निशिंग, प्रभाव प्रतिरोधी विंड शील्ड, एफआरपी आधारित सौंदर्यपूर्ण रूप से उन्नत ड्राइवर डेस्क, आरटीआईएस, क्रू वॉयस और वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम, रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम, गियर बॉक्स के साथ ट्रैक्शन मोटर का डायरेक्ट ड्राईव कपलिंग ईपी एसिस्ट ब्रेक सिस्टम और कवच 4.0 जैसी विश-ेषताएं शामिल है।



### पूर्व रेलवे में विशेष अभियान 4.0 जारी, एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत वृक्षारोपण अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक चलाए जा रहा विशेष अभियान 4.0 भारतीय रेलवे में स्टेशनों और कार्यस्थलों पर सफाई में सुधार करने पर केंद्रित है। पूर्व रेलवे के डिवीजनों और कार्यशाल-ाओं ने विशेष अभियान 4.0 के हिस्से के रूप में स्वच्छता चौपाल के तहत गहन सफाई अभियान के साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत सफलतापूर्वक वृक्षारोपण अभियान चलाया है। रेल चौपाल कार्यक्रम कोलकाता, जशीडीह, आसनसोल, दुर्गापुर, कटवा, अजीमगंज, मुंगेर और अन्य सहित पूर्वी रेलवे के प्रमुख स्टेशनों के साथ-साथ हावड़ा के ऑर्थोपेडिक अस्पताल और काचरापाड़ा कार्यशाला में आयोजित किए गए। एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण अभियान कोलकाता, हावड़ा, हुगली, वर्दवान, रामपुरहाट और कटवा सहित पूर्व रेलवे के कई स्टेशन परिसरों में चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना और हरित भविष्य में योगदान देना है।

## गोलोक चाकुलिया ध्यान फाउंडेशन की पंचदिवसीय गोकथा का शुभारंभ

### जीवन के सभी दु:खों का शमन करती है गो-कथा : साध्वी श्रद्धा दीदी

**कोलकाता :** 'कोई तन दुखी कोई मन दुखी कोई धन से है उदास थोड़े-थोड़े सब दुखी सब को सुख की तलाश अर्थात सबके जीवन में कुछ न कुछ दुःख अवश्य है कोई तन से कोई मन से तो कोई धन से दुखी हैं और इन दुखों का सम्पूर्ण निवारण करने में यह गोकथा सक्षम है । यह गो कथा हमारे जीवन के सभी दुखों का शमन कर सकती है।' यह उद्गार आज उल्टाडांगा के निकट विधान गार्डेन के विशाल प्रांगण में गोलोक चाकुलिया, ध्यान फाउंडेशन, कोलकाता की ओर से बांग्लादेश सीमा पर भारतीय सीमा सुरक्षा बलों द्वारा बचाए गए 20500 गोवंशों की व्यापक सेवा सुश्रुषा हेतु आयोजित पंचदिवसीय अमृतमयी गो कृपा कथा का शुभारंभ करते हुए परम पूज्या साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती दीदी जी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गो कथा कोई आज कल की कथा नहीं अपितु बहुत प्राचीन कथा है लेकिन देश में गो माता के प्रति विगत के हजार-पंद्रह सौ वर्षों में देश का वातावरण गो माता के खिलाफ़ कुछ ऐसा बना कि जिस गो माता को भगवान का दर्जा प्राप्त था और माँ के रूप में पूजा जाता था उसे महज एक उपयोगी पशु के रूप में प्रमाणित करने का प्रयास हुआ और हम गो माता की महिमा को धीरे-धीरे भूला चूकें। साध्वी श्रद्धा दीदी ने कहा कि गो माता की महिमा और कृपा आज का विषय नहीं है इसका प्रमाण हमें वराह पुराण के 145 वें अध्याय में मिलता है। हिरण्याक्ष के उत्पात से त्रस्त धरती माता की व्यथा का शमन इसी गो कथा से हुआ, वैसे भी यह माना जाता है की व्यथित जीवन को उबारने में ऐसी कथाओं का महत्व-पूर्ण स्थान है। साध्वी जी ने कहा कि गो कृपा रुपी यह सत्संग अनेकानेक पुण्यों के उदय का प्रतिफल है जिसका लाभ लेकर हम विवेक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बुद्धि और विवेक में अंतर को विस्तार से परिभाषित करते हुए आह्वान किया कि राम जी की कृपा से प्राप्त इस सत्संग का सबको भरपूर लाभ उठाना चाहिए।



आज कथा शुभारंभ से पूर्व आज के मुख्य कथा यजमान अनुप तोदी ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया जबकि हरिकिशन राठी, सुशील गोयनका, राम स्वरूप अग्रवाल सपत्नीक, विनोद सुल्तानिया, बिनोद केडिया, रमेश जैन, प्रदीप सारडा, सुभाष मुरारका, राजेश जैन आदि गणमान्य लोगों ने भी व्यास पीठ को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रकाश चंडालिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजकों ने बताया कि 22 जनवरी तक यह कथा चलेगी। कथा में श्रद्धालुओं की सेवार्थ रतनगढ़ नागरिक परिषद, कोलकाता की ओर से चाय-जलपान की व्यवस्था की गई है।

### स्ट्रीक्स ने नया जेल हेयर कलर किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्ट्रीक्स ने अपने ग्राहकों के लिए स्ट्रीक्स जेल हेयर कलर लॉन्च किया है। स्ट्रीक्स अपने नए और ट्रेंडी स्टाइलिंग उत्पादों के लिए जाना जाता है, और यह नया प्रोडक्ट हेयर कलरिंग की दुनिया में एक नया बदलाव लेकर आया है। स्ट्रीक्स जेल हेयर कलर बालों को रंगने का बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जिससे सफेद बालों को बेहतरीन कवरेज और शानदार चमक मिलती है। इस जेल हेयर कलर को खास तौर पर हायालूरोनिक और सिलिकॉन एक्टिव्स के साथ बनाया गया है, जो बालों में नमी को बनाए रखता है। स्ट्रीक्स जेल हेयर कलर अब चार आकर्षक शेड्स - नैचुरल ब्लैक, नैचुरल ब्राउन, डार्क ब्राउन और बरगंडी में उपलब्ध है। यह सुविधाजनक सैशे (24 एमएल, 40 एमएल) और कार्टन (60 एमएल, 120 एमएल) पैकिंग में आता है।

### ट्रस्ट म्यूचुअल फंड ने ट्रस्ट एमएफ स्मॉल कैप फंड का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रस्ट म्यूचुअल फंड ने ट्रस्ट एमएफ स्मॉल कैप फंड, एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का अनावरण किया। यह नया फंड निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआई इंडेक्स के खिलाफ बेंचमार्क किया जाएगा, जो निवेशकों को उच्च-विकास वाले क्षेत्रों और उभरती थीम्स तक पहुंचने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करेगा। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। यह लॉन्च निवेशकों को उन कंपनियों के प्रारंभिक विकास चरणों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है, जिनमें दीर्घकालिक संपत्ति सृजन की काफी संभावना है। ट्रस्ट एमएफ स्मॉल कैप फंड का एनएफओ लॉन्च ट्रस्ट एमएफ का दूसरा इक्विटी फंड है। यह लॉन्च एक अनुकूल समय पर हुआ है, जब स्मॉल कैप कंपनियां वर्तमान में तेज़ी से विकास कर रही हैं, जो दीर्घकालिक मूल्य वृद्धि के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती हैं।

## शराब पार्टी में बकाया पैसा मांगने पर की हत्या

### आरोपी के घर पर फायरिंग

**पूर्व मेदिनीपुर :** 70 हजार रुपए के लिए बेरहमी से सिर कुचलने का आरोप है। शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपी के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। पुलिस ने हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना पूर्व मेदिनीपुर के कांथी देशप्राण ब्लॉक के देउलपोटा गांव में हुई। मृतक की पहचान गोविंदा पात्रा (45) के रूप में हुई है। गुरुवार की रात इस इलाके के पूर्वी अमतलिया निवासी गोविंद पात्रा को आरोपी उत्तम पात्रा ने शराब पार्टी में शामिल होने के लिए देउलपोटा गांव में बुलाया था। पेशे से व्यापारी और सूदखोर गोविंद ने कई दिन पहले उत्तम को 70 हजार रुपए उधार दिए थे। गोविंदा पैसों के लिए जोर लगा रहे थे। और इसी बात से नाराज होकर उसने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। पैसे देने के लिए गोविंदा को बुलाया।

आरोप है कि जब पार्टी में पैसे को लेकर चर्चा और बहस हुई तो उसने पहले बगल में पड़ी ईंट से उसके सिर पर वार किया और फिर उस ईंट से उसका पूरा सिर कुचल दिया। खबर मिलते ही गोविंद ने कांथी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपी उत्तम के घर में तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस इलाके में गई।

पुलिस ने अब तक गोविंदा की हत्या के आरोपी उत्तम पात्रा और बतुल मैती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है कि हत्या में कोई और भी शामिल है या नहीं। शव को पोस्टमार्टम के लिए कांथी उपमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

## अपने प्रियजनों की रक्षा करें: मेनिनजाइटिस की रोकथाम की शक्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व मेनिनजाइटिस दिवस के मौके पर मेनिनजाइटिस बीमारी से संबंधित जागरूकता बढ़ायी जाती है। इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। हर साल वैश्विक स्तर पर 2.5 करोड़ से अधिक मामले सामने आने के साथ, मेनिनजाइटिस एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का प्रतिनिधित्व करता है।

डॉ.सुभाशीष भट्टाचार्य, एमडी (पेड.), (दिल्ली), डीसीएच (सीएएल), डीएनबी (पेड.), एमएनएएमएस., पीडियाट्रिक्स सीएसएस कॉलेज ऑफ ऑब्स, गायनी एंड चाइल्ड हेल्थ, कोलकाता के प्रोफेसर और एचओडी कहते हैं, समय पर टीकाकरण से मेनिनजाइटिस के विनाशकारी प्रभाव को रोका जा सकता है। बच्चे, विशेष रूप से, इस बीमारी के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं, और यदि उपचार न किया जाए तो इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। टीकाकरण मैनिंजाइटिस से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है, जो ऐसे संक्रमण के खिलाफ महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है जो जीवन-परिवर्तनकारी जटिलताओं का कारण बन सकता है। यह सिर्फ बीमारी से बचने के बारे में नहीं है - यह भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के बारे में है।

## मालबाजार में पूर्व प्रेमी ने युवती से किया 'दुष्कर्म', आरोपी गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी :** कृष्णानगर में बारहवीं कक्षा की छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने एक प्रेमी को गिरफ्तार किया है। इस घटना पर मचे बवाल के बीच युवती ने अपने पूर्व प्रेमी पर रेप का आरोप लगाया है। मालबाजार ब्लॉक की घटना है। युवक पर आरोप है कि उसने युवती को स्थानीय चाय बागान में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया और मारपीट की।यह भी आरोप है कि अगर इस घटना की जानकारी किसी को दी गई तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कालिम्पोंग के गरुबथान ब्लॉक क्षेत्र के एक युवक का डुआर्स के एक चाय बागान की एक युवती के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। पीड़िता ने हाल ही में रिश्ता तोड़ दिया है। युवती ने दावा किया कि आरोपी इस बात को स्वीकार नहीं कर सका। मंगलवार दोपहर युवती बोलने में असमर्थ होने पर तरुण ने उसे मौके पर बुलाया। जब पीड़िता वहां पहुंची तो उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया और बुरी तरह पीटा गया। बच्ची ने पूरी घटना परिजनों को बताई । उन्होंने बुधवार को मालबाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। युवक का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 64(1), 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को जलपाईगुड़ी जिला अदालत। बताया जाता है कि गिरफ्तार को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है।



# एनएचआरसी प्रमुख ने स्थापना दिवस समारोह में संदेशखाली मामले का किया जिक्र

**❑ संदेशखाली में भय के माहौल से पीड़ितों को न्याय मांगने में बाधा आई : विजया भारती सयानी**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआ-रसी) की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने शुक्रवार को संदेश-खाली में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले का जिक्र किया और इस मामले में मौके पर जाकर जांच करने के बाद आयोग द्वारा रिपोर्ट में इस्तेमाल किए गए कुछ



कठोर बयानों का उल्लेख किया। उन्होंने यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआ-रसी) की 31वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस दौरान, सयानी ने कहा कि एनएचआरसी ने हिरासत में मौत, बंधुआ मजदूरी, हाशिए पर पड़े समूहों का शोषण और चिकित्सा देखभाल से इनकार सहित मानवाधिकार उल्लंघन के व्यापक मामलों का समाधान किया है। उन्होंने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले और इस वर्ष अप्रैल में प्रकाशित एनएचआरसी की जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों को भी याद किया। सयानी ने कहा कि एनए-चआरसी ने हाल ही में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न और यौन हमलों की गंभीर रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। एनएचआरसी सदस्यों द्वारा मौके पर की गई जांच में भय और धमकी का माहौल सामने आया, जिससे पीड़ितों को न्याय मांगने में बाधा आई। मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में, मानवाधिकार आयोग ने टिप्पणी की कि कथित आरोपी व्यक्तियों द्वारा किए गए अत्याचारों के कारण उत्पन्न माहौल ने पीड़ितों को चुप कर दिया, जबकि धमकी और आतंक ने उन्हें न्याय मांगने में अनिच्छुक बना दिया। अपने संबोधन में एनएचआरसी की कार्यवाहक अध्यक्ष ने कहा कि मानवाधिकार एक न्यायपूर्ण समाज की आधारशिला हैं, जो सभी के लिए सम्मान, स्वतंत्रता और कल्याण सुनिश्चित करने के अलावा हाशिए पर पड़े लोगों को उनके अधिकारों का दावा करने के लिए सशक्त बनाता है।

# नकली सीबीआई अधिकारी बनकर 47 लाख रुपए की धोखाधड़ी

## पुलिस के जाल में सरगना का मुखिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई पहचान के तहत डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर 47 लाख रुपए वसूलने का आरोप है। लालबाजार के जासूसों ने सरगना के मुखिया को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि गिरोह के बाकी लोगों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार शख्स का नाम शुभोजीत दास है।पुलिस ने उसे दक्षिण कोलकाता के नेताजीनगर से गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर शुबोजीत ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए कोलकाता से एक




महिला को फोन किया था।उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर विदेश से एक पार्सल आया है। उस पार्सल के अंदर ड्रग्स हैं।उन पर वित्तीय धोखाधड़ी के भी आरोप हैं। इसीलिए उन्हें डिजिटली गिरफ्तार किया गया है।यह फोन कॉल आने के बाद महिला घबरा गई। उस अवसर का लाभ उठाते हुए, उससे कहा गया कि यदि वह पैसे का भुगतान करेगा, तो उसे रिहा किया जा सकता है। जैसे ही महिला सहमत हुई, आरोप है कि उससे कई चरणों में 47 लाख रुपए ले लिए गए। महिला ने एक बैंक खाते में पैसे जमा करा दिए। धीरे-धीरे उससे और पैसे मांगे जाने लगे। एक समय पर, उन्होंने लालबाजार साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। लालबाजार के जासूसों ने बैंक खाते के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि गिरोह के बाकी लोगों की तलाश जारी है।

### काजल शेख को मिलेगी 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा

**❑ अनुब्रत मंडल की वापसी के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा**

**बीरभूम :** बीरभूम में अनुब्रत मंडल की वापसी के बाद काजल शेख की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही है। यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी सुरक्षा अचानक क्यों बढ़ाई जा रही है। बता दें कि अनुब्रत मंडल जिले में लौटने के बाद राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। नेत-ाओं से मुलाकात के साथ ही वह हर जगह काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। उनके लौटने के बाद पार्टी कार्यालय में जिले के नेताओं के साथ हुई बैठक में काजल शेख अनुपस्थित रहें। इसके अलावा, गुरुवार को जिले में एक विजय सम्मिलनी के मंच पर अनुब्रत मंडल नजर आये। वहां काजल शेख नजर नहीं आये। इस मुद्दे पर राजनीतिक गलियारों में अटकलें भी शुरू हो गई हैं।

# सिविक वॉलंटियरों की भर्ती के मामले में जल्द हस्तक्षेप करे गृह मंत्रालय, भाजपा सांसद ने अमित शाह को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुरुलिया लोकसभा सीट से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य में सिविक वॉलंटियरों की भर्ती के मामले में अविलंब हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पत्र में, भाजपा सांसद ने लिखा कि बंगाल में नियमित आधार पर पुलिस कर्मियों की भर्ती के बदले सिविक वॉलंटियरों को ठेके पर लिया जा रहा है। इनमें अधिकांश तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, जो अपनी पार्टी के राजनीतिक हित के लिए काम करते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों को अवैध तरीके से अन्य पिछड़ी



जातियों (ओबीसी) की श्रेणी में शामिल करके भर्ती की जा रही हैं, जिससे योग्य हिंदू उम्मीदवार नौकरी के अवसरों से वंचित हो रहे हैं। ममता बनर्जी की सरकार ने अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के लिए सिविक वॉलंटियरों का एक कोटा भी आरक्षित कर रखा है। भाजपा सांसद ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सिविक वॉलंटियरों की भर्ती की प्रक्रिया पर प्रश्न उठाया है। आरजीकर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना का मुख्य आरोपित भी एक सिविक वॉलंटियर है। केंद्रीय गृह मंत्री से अनुरोध है कि वे सिविक वॉलंटियरों की भर्ती की गहनता से जांच कराएं और बंगाल में नियमित आधार पर पुलिस कर्मियों की भर्ती सुनिश्चित करें। राजनीतिक तुष्टीकरण के लिए ओबीसी कोटे का दुरुपयोग रोकें। इससे न सिर्फ बंगाल के युवाओं को न्याय मिलेगा बल्कि पुलिस के प्रति विश्वसनीयता बढ़ेगी और राज्य के सभी नागरिकों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### इसुजु मोटर्स इंडिया ने इसुजु डी-मैक्स एम्बुलेंस को बाजार में उतारा

**कोलकाता, समाज्ञा :** इसुजु मोटर्स इंडिया ने बड़े गर्व के साथ इसुजु डी-मैक्स एम्बुलेंस के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे पूरी तरह से एआईएस -125 टाइप सी एम्बुलेंस के विनिर्देशों के अनुसार बनाया गया है। इलाज की जरूरत के मामलों में तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए डिजाइन किया गया यह एम्बुलेंस इस श्रेणी में सबसे आगे है, जो मरीजों को लाने और ले जाने के लिए बेहद भरोसेमंद, सुरक्षित और आरामदेह होने के साथ-साथ आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में एक नई मिसाल पेश करता लॉन्च के मौके पर, इसुजु मोटर्स इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, तोरु किशिमोतो ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हमें भारतीय बाजार के लिए डिजाइन किए गए अपने सबसे अनोखे प्रोडक्ट, इसुजु डी-मैक्स एम्बुलेंस को पेश करते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है, जिसे इस श्रेणी में 14 'सबसे उम्दा सुविधाओं' के साथ पेश किया गया है।

# लड़की से दुष्कर्म के प्रयास की शिकायत, पिता गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान**

आरजी कर से लेकर कृष्णानगर, जयनगर तक महिलाओं के खिलाफ हिंसा की एक के बाद एक भयानक खबरें आ रही है। इस बार 16 साल की लड़की से रेप की कोशिश का आरोप उसके पिता पर लगा है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उसे गिरफ़्तार कर लिया।



पूर्वी बर्दवान के शक्तिगढ़ थाना इलाके में सनसनीखेज वारदात घटी। पत्नी की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक गुरुवार दोपहर आरोपी खूब शराब पीकर घर लौटा। जब वह घर आया तो पत्नी से झगड़ने लगा। कुछ देर बाद जब स्थिति कुछ सामान्य होती है तो उसकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर जाती है। आरोप है कि उस शख्स ने घर में घुसकर उनकी बेटी से रेप की कोशिश की। इस दौरान बच्ची की दादी घर पर थी। उसके चिल्लाते ही युवक घर छोड़कर भाग गया। 40 वर्षीय व्यक्ति पेशे से दिहाड़ी मजदूर है। उधर घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़िता की मां ने उसी रात शक्तिगढ़ थाने में अपने पति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उन्हें बर्दवान कोर्ट ले जाया गया। कथित तौर पर वह शख्स लगभग हर दिन शराब पीता था और घर में अशांति फैलाता था।वह पहले भी कई बार पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है।

# मुर्शिदाबाद में जाली नोटों के साथ कांग्रेस नेता गिरफ्तार

## 500 रुपये की 40 जाली भारतीय मुद्रा के साथ पुलिस ने पकड़ा

**मुर्शिदाबाद :** बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपड़ा इलाके में कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष को जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कांग्रेस नेता का नाम जुल्फिकार अली है। आरोपी हरिहरपाड़ा ब्लाक के चोआ मंडल का अध्यक्ष था। इससे पहले तृणमूल के एक नेता की हत्या में वह आरोपी है। इधर, तृणमूल कांग्रेस ने इस गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस पर निशाना साधा है कि अपराधियों की पार्टी हो गई है। वहीं कांग्रेस का दावा है कि जुल्फिकार को पहले ही अध्यक्ष



पद से हटा दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की दोपहर पुलिस की टीम ने काशिमनगर इलाके में छापेमारी की थी। वहां से जुल्फिकार को 500-500 रुपये के 40 जाली भारतीय नोट के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जुल्फिकार हरिहरपाड़ा थाना क्षेत्र में तृणमूल नेता सनातन घोष की हत्या के मामले के आरोपियों में से भी एक है, लेकिन हत्या के मामले में नाम आने के बाद वह भूमिगत हो गया था। पुलिस को पता चला कि कांग्रेस नेता काफी समय से जाली नोटों के कारोबार में संलिप्त है। शुक्रवार को आरोपित को बहरमपुर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी जाली नोट का कारोबार कैसे करता था और इस गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल है, यह जानने के लिए उससे पूछताछ की जरूरत है। इसी कारण से उन्होंने उसकी 10 दिनों की रिमांड मांगी है।

### लॉरी की चपेट में आकर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक गार्ड की मौत, मचा हंगामा

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के उलुबेड़िया में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक गार्ड की मौत हो गई और अन्य एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतक का नाम सोमनाथ रॉय है। वह हावड़ा के सांकराइल का रहने वाला है। वह उलुबेड़िया ट्रैफिक गार्ड में कार्यरत थे। सोमनाथ शुक्रवार सुबह उलुबेड़िया के श्रीरामपुर जंक्शन पर राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर ड्यूटी पर तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार में एक लॉरी कोलाघाट की ओर जा रही थी। उसी लॉरी ने ट्रैफिक गार्ड को टक्कर मार दिया। सोमनाथ तुरंत सड़क पर गिर गया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल ले




जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना पर स्वाभाविक रूप से स्थानीय लोगों ने काफी गुस्सा व्यक्त किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लॉरी का चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

# मालबाजार में पूर्व प्रेमी ने युवती से किया 'रेप', आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कृष्णानगर में बारहवीं कक्षा की छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने एक प्रेमी को गिरफ्तार किया है। इस घटना पर मचे बवाल के बीच युवती ने अपने पूर्व प्रेमी पर रेप का आरोप लगाया है। मालबाजार ब्लॉक की घटना है। युवक पर आरोप है कि उसने युवती को स्थानीय चाय बागान में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया और मारपीट की।यह भी आरोप है कि अगर इस घटना की जानकारी किसी को दी गई तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कालिम्पोंग के गरुबथान ब्लॉक



क्षेत्र के एक युवक का डुआर्स के एक चाय बागान की एक युवती के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। पीड़िता ने हाल ही में रिश्ता तोड़ दिया है। युवती ने दावा किया कि आरोपी इस बात को स्वीकार नहीं कर सका। मंगलवार दोपहर युवती बोलने में असमर्थ होने पर तरुण ने उसे मौके पर बुलाया। जब पीड़िता वहां पहुंची तो उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया और बुरी तरह पीटा गया।

बच्ची ने पूरी घटना परिजनों को बताई। उन्होंने बुधवार को मालबाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। युवक का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 64(1), 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को जलपाईगुड़ी जिला अदालत। बताया जाता है कि गिरफ्तार को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है।

### लिलुआ में अखिल भारतीय धोबी महासंघ दशहरा सम्मेलन सम्पन्न



**हावड़ा :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय धोबी महासंघ के लिलुआ शाखा द्वारा दशहरा सम्मेलन आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय रजक, बेहाला शाखा के अध्यक्ष कृष्णा रजक, विश्व रजक, महासंघ से हीरा लाल रजक, हावडा जिला के सलाहकार लक्ष्मण रजक, गौरी शंकर रजक, दिनेश रजक, संजीत रजक, मदन रजक, लिलुआ शाखा के अध्यक्ष नेपाल रजक, सचिव रबि शंकर रजक, राजेन्द्र रजक, सुबोध रजक, विनोद रजक, पवन रजक, महेंद्र रजक, नरेश रजक, राजेश रजक, राजकिशोर रजक, संतोष रजक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय रजक ने कहा कि धोबी समाज के सभी लोगों को आह्वान किया कि अपने समाज के विकास और बेहतर कार्य में योगदान करें। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्य एकजुट होकर कार्य करें। हावडा जिला के सलाहकार लक्ष्मण रजक ने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के युवा पीढ़ी भर चढ़कर संगठित कार्यों में हिस्सा ले जिससे कि संगठन और अधिक मजबूत बन सके।

# कांग्रेस पार्षद पूर्णिमा कांदू की जहर से हुई मौत, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आशंका

## हत्या या आत्महत्या, गहराता जा रहा रहस्य

**पुरुलिया :** पुरुलिया जिले की झालदा नगरपालिका की कांग्रेस पार्षद पूर्णिमा कांदू की मौत का कारण जहर हो सकता है। शुक्रवार को प्राप्त प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, उनके पेट में जहरीले पदार्थ पाए गए हैं, जो उनकी मौत का संभावित कारण हो सकते हैं। बता दें कि गत 11 अक्टूबर की रात उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके आवास से बरामद किया गया था। उन्हें तुरंत झालदा के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उनके पेट में जहर की मौजूदगी पाई गई है, लेकिन यह अभी स्पष्ट



नहीं है कि उन्होंने आत्महत्या की थी या किसी ने उनके खाने में जहर मिलाकर उनकी हत्या की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्णिमा कांदू, कांग्रेस के पूर्व पार्षद स्वर्गीय तपन कुंडू की विधवा थीं, जिनकी मार्च 2022 में अज्ञात हमलावरों ने सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनके पति की हत्या के बाद पूर्णिमा कांदू ने उसी वार्ड से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। पूर्णिमा कांदू की मृत्यु के तुरंत बाद, परिवार के सदस्यों, विशेषकर तपन के भतीजे मिथुन कांदू ने आशंका जताई कि उन्हें जहर देकर मारा गया हो सकता है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नेपाल महतो ने भी इस बात पर संदेह जताया और कहा कि पूर्णिमा कांदू की मृत्यु अस्वाभाविक लगती है क्योंकि हाल के दिनों में वह किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त नहीं थीं। पुरुलिया जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृत पार्षद के परिवार द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर इस मामले की विस्तृत जांच शुरू की जाएगी।

### डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया ने मनाया ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024, देशभर में 3 करोड़ बच्चों को किया गया शिक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेकिट के फ्लैगशिप अभियान, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया (बीएसआई) ने ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024 का जश्न मनाया और भारत में 3 करोड़ बच्चों को स्वस्थ भविष्य के लिए हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। 'क्लीन हैंड्स फॉर ऑल: सफाई के माध्यम से स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देना' विषय पर आधारित, इस कार्यक्रम ने डेटॉल बीएसआई की उस प्रतिबद्धता को उजागर किया। ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024 के मौके पर, डेटॉल स्कूल हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम के तहत बीएसआई से 29 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में 100 से ज्यादा अभिभावकों की मदद से 3 करोड़ बच्चों को जोड़ा गया। इस अभियान ने भारत भर में सर्वोदय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आर्मी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय सहित सार्वजनिक, निजी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों की सहभागिता के माध्यम से हाथ धाने की सही तकनीक के बारे में बताया गया।

### तालाब से बच्चियों का शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** दो छोटी बच्चियां घर के पास खेल रही थीं । काफ़ी देर तक जब वे घर नहीं लौटे तो लोग परेशान होकर उन्हें ढंढने निकले।इस घटना से पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सबोंग थाना अंतर्गत वेमुआ इलाके में शोक छा गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, पायल भुइयां (6) और पूर्णिमा अधिकारी (5) नाम की दो लड़कियां शुक्रवार दोपहर वेमुआ इलाके में खेलते समय लापता हो गईं। लेकिन तय समय के बाद भी दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजन चिंतित हो गए । बाद में तालाब से शव बरामद किया गया।

### उत्तर कोलकाता दर्जी पाड़ा सम्मलिनी ने किया लक्ष्मी पूजा एवं दुर्गा पूजा का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता दर्जी पाड़ा सम्मलिनी, राम नारायण भट्टाचार्य लेन द्वारा 58 वर्ष पूरा करते हुए लक्ष्मी पूजा एवं दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस



साल भी पूजा उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में मोहन कुमार गुप्ता (मोना दा) उपस्थित थे। इस पूजा को सफल बनाने में विशिष्ट समाज सेवक बबुआ दत्ता, पायल सहित अन्य कई लोगों को महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पूजा में लोगों के बीच महाभोग भी वितरित किया गया।

### बहरामपुर में युवती से की अश्लील हरकत, युवक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** एक युवती के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार दोपहर बहरामपुर के लालदिघी इलाके में हुई इस घटना को लेकर काफी तनाव फैल गया। युवती और उसकी बहन और मां उस दिन बहरामपुर के इंद्रप्रस्थ से टोटो में सवार होकर गोघ बाजार जा रही थीं। आरोप है कि उसी दौरान एक युवक ने युवती और उसकी बहन की ओर अश्लील इशारे किए। बेगटिक को देखते ही युवती लालदिघी इलाके में टोटो से उतर गई और युवक को पकड़ लिया।इसके बाद इलाके के लोग जुट गये और इसकी सूचना बहरामपुर थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाबू गोस्वामी नाम के युवक ने घटना से इनकार किया है। उन्होंने उन युवतियों की बुरी टिप्पणियों के बारे में कुछ नहीं किया। आरोपी ने दावा किया कि सड़क पर बहुत सारे सीसीटीवी फुटेज हैं।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को दिखाने के लिए मीडिया टूर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने अमृत भारत स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए शुक्रवार को एक प्रेस मीडिया टूर का आयोजन किया। इसका उद्देश्य नैहाटी, कल्याणी और कल्याणी घोष पाड़ा स्टेशनों पर चल रहे कार्यों की जानकारी देना था। इस दौरान, मीडिया प्रतिनिधियों को प्रत्येक स्टेशन पर चल रही परियोजनाओं का व्यापक अवलोकन प्रदान किया गया, जिसमें यात्री सुविधाओं और रेलवे उपयोगकर्ताओं के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित नई सुविधाएं प्रदर्शित की गईं। इस दौरान नैहाटी स्टेशन पर चल रहे कार्यों में प्लेटफार्म शेड को बायोडिग्रेडेबल बैंबू मैट शेड से बदलना, प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाना औरपुरानी चेकर




टाइल्स को तोड़ना और एंटी-स्किड कोटा स्टोन लगाना शामिल है। कल्याणी स्टेशन में प्लेटफार्म सरफेसिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में कैफेटेरिया का निर्माण और प्लेटफॉर्म शेड को बायोडिग्रेडेबल बांस मैट शीट से बदला गया। वहीं, कल्याणी घोष पाड़ा स्टेशन में प्लेटफार्म सरफेसिंग का कार्य पूरा हुआ, प्लेटफार्म शेड संरचना का निर्माण, मुखौटा कार्य में प्रगति, वाटर बूथ का निर्माण एवं बैठने की व्यवस्था और शौचालय निर्माण कार्य पूरा किया गया। सियालदह मंडल के डीआरएम दीपक निगम के नेतृत्व में सियालदह अपने स्टेशनों पर यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारतीय नौसेना के मोटर साइकिल अभियान नार्थईस्ट ओडिसी को दिखाई गई हरी झंडी

**❑ 15 दिवसीय इस अभियान में मेघालय, असम और अरुणाचल में 2500 किमी की तय की जाएगी दूरी**

**❑ नौसेना के बारे में युवाओं और नागरिक समाज को किया जाएगा जागरूक**

**कोलकाता :** पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने शुक्रवार को शिलांग, मेघालय से मोटरसाइकिल अभियान 'नार्थईस्ट ओडिसी 2024ळ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल संजय मलिक, जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) 101 एरिया और एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया, वरिष्ठ एयर स्टाफ आफिसर, पूर्वी वायु कमान मौजूद थे। कोलकाता




में रक्षा प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि यह अभियान टीवीएस मोटर कंपनी के सहयोग से पूर्वोत्तर राज्यों मेघालय, असम और अरुणाचल प्रदेश में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य इन राज्यों में नौसेना के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं और नागरिक समाज को इससे जोडऩा है। नौसेना ने पहले 2022 में पूर्वोत्तर में और 2023 में लेह/लद्दाख में इसी तरह के अभियान आयोजित किए थे। बयान में बताया गया कि तीन पूर्वोत्तर राज्यों में मौजूदा पहल के मुख्य उद्देश्यों में भारतीय नौसेना का प्रदर्शन और स्कूलों/कालेजों में अग्निपथ योजना सहित भारतीय नौसेना में करियर के अवसरों के बारे में जागरूकता अभियान चलाना शामिल है। अभियान में महिला अधिकारियों और उनके जीवनसाथियों को शामिल करके नारी शक्ति को बढ़ावा देता है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में नौसेना के दिग्गजों और वीर नारियों के साथ बातचीत करना भी है। 15 दिवसीय इस अभियान में मोटरसाइकिल दल मेघालय, असम और अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न शहरों से गुजरते हुए 2500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। इस मौके पर वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने कहा कि नौसेना हमेशा साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देती रही है क्योंकि ये न केवल कर्मियों को ऊंचे लक्ष्य रखने बल्कि बेहतर हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सभी

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विधायक और आजसू नेता हुए झामुमो में शामिल

**रांची :** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले तीन बार के भाजपा विधायक केदार हाजरा और आजसू के नेता उमाकांत रजक शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हो गये। हाजरा और रजक ने यहां एक कार्यक्रम में झामुमो का दामन थाम लिया। हाजरा जमुआ से विधायक हैं और उन्होंने कांग्रेस की मंजू कुमारी को 18,175 मतों से हराकर 2019 में विधानसभा चुनाव जीता था। झामुमो में दोनों नेताओं का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पृथक झारखंड राज्य के निर्माण के आंदोलन में सक्रियता से भाग ले चुके इन दोनों नेताओं से उनकी पार्टी मजबूत होगी। झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को चुनाव होंगे तथा मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए सोरेन ने कहा, 'झारखंड को सामंती मानसिकता वाले राजनीतिक गिद्धों से बचाने का समय आ गया है।'

### बिहार में फिल्म निर्माताओं के लिए भरपूर अवसरः उपमुख्यमंत्री

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में फिल्म निर्माताओं के लिए बहुत सारे अवसर हैं। उन्होंने फिल्म निर्माताओं को राज्य की सुंदर लेकिन गुममान जगहों पर शूटिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। 'बिहार फिल्म कॉन्क्लेव-2024' का उद्घाटन करते हुए सिन्हा ने कहा, बिहार में प्राचीन स्थान और पर्याप्त बुनियादी ढांचा है। यहां फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राज्य का गौरवशाली अतीत फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा, हम उन्हें अपनी नई फिल्म प्रचार नीति के माध्यम से बिहार की खोज करने के लिए आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत फिल्म निर्माताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली फिल्में बनाने के लिए सहायता मिलेगी।

# शरद पूर्णिमा कार्यक्रम के दौरान हमले में आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल, दो आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर :** जयपुर में एक मंदिर में शरद पूर्णिमा समारोह के दौरान लोगों के एक समूह ने चाकूओं और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उसने कल देर रात हुई इस घटना के सिलसिले में शुक्रवार को दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को हुई जब जयपुर के करणी विहार में स्थित मंदिर में जागरण कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने देर रात को अपने पड़ोस में शोर व भीड़ होने पर आपत्ति जताई।। स्थानीय करणी विहार थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब श्रद्धालुओं के बीच खीर बांटी जा रही थी, तब दो स्थानीय लोग वहां पहुंचे। विवाद के बाद उन्होंने अपने समूह के और लोगों को बुला लिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। घायलों में से छह व्यक्तियों शंकर बागड़ा, मुरारीलाल, राम पारीक, लखन सिंह जादौन, पुष्पेंद्र और दिनेश शर्मा को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम हो गई। व्यवस्था बनाए रखने के लिए करणी विहार में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एसएमएस अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और कहा कि हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राठौड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरी जांच करके जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी ने दावा किया कि हमलावरों ने चाकू और अन्य हथियार लेकर सभा में घुसकर उपस्थित लोगों पर हमला किया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अपराधियों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने बताया कि आरोपी नसीब चौधरी व उसके बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। घटना से आक्रोशित कुछ लोगों ने कुछ देर के लिए दिल्ली-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया, हालांकि बृहस्पतिवार देर रात उन्होंने जाम खत्म कर दिया।

# बहराइच हिंसा मामले में पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बहराइच (उप्र) :** बहराइच में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार पांच लोगों को शुक्रवार को एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए पांच लोगों सरफराज, मोहम्मद तालीम, अब्दुल हमीद, फहीम और मोहम्मद अफजल को शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी की अदालत में पेश किया गया। हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा कारणों से सुनवाई अदालत के बजाय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर हुई। इस बीच, शुक्रवार को हिंसा प्रभावित इलाके में कई दुकानें बंद रहीं, जबकि विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। जिले में विभिन्न स्थानों पर पुलिस अवरोधक लगाए गए हैं। पुलिसकर्मियों को वाहनों की जांच करते देखा गया। रविवार व सोमवार को हुई इस हिंसा से प्रभावित हरदी थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज बाजार की मुख्य मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने कोई नहीं आया। हालांकि अन्य सभी मस्जिदों में नमाजियों की संख्या पिछले जुमे की अपेक्षा कम



किसान सहकारी चीनी मिल घोसी का निर्विरोध उपसभापति निर्वाचित किये जाने पर रजनीश राय का स्वागत करते मऊ जिला चेयरमैन मनोज राय

## न्यूज अपडेट

### झामुमो नीत गठबंधन को झारखंड में सत्ता बरकरार रखने का भरोसा : सोरेन

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि झामुमो नीत गठबंधन को अपने विकास कार्यों के दम पर राज्य में सत्ता बरकरार रखने का विश्वास है और सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे तथा मतगणना 23 नवंबर को होगी। सोरेन ने कहा, 'हमें फिर से सत्ता में आने का पूरा भरोसा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सिर्फ एक पार्टी नहीं है बल्कि यह एक बड़े पेड़ की तरह है जिसके नीचे राज्य के लगभग तीन करोड़ लोग शांति और सद्भाव से रहते हैं। हम वंचितों, आदिवासियों और गरीबों समेत सभी वर्गों के लिए काम करते हैं। हम और हमारे गठबंधन के साथी सभी निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेंगे और सहयोगियों के बीच सीट- बंटवारे की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।' उन्होंने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन में सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शनिवार को प्रस्तावित दौरे पर सोरेन ने कहा कि वे आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे। इस बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शुक्रवार को अपने सहयोगियों के बीच सीट-बंटवारे के 'फार्मूले' की घोषणा कर दी। इसके मुताबिक, भाजपा 68 सीट पर, 'ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन' (आजसू) 10, जनता दल (यूनाइटेड) दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

### उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी, नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर

**लखनऊ :** निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उप-चुनावों के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आयोग ने राज्य में रिक्त 10 विधानसभा सीटों में नौ पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को तारीख की घोषणा की थी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की गई क्योंकि पहले सीट जीतने वाले उम्मीदवार के खिलाफ उच्च न्यायालय में एक याचिका लंबित है। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसामऊ, गाजियाबाद, मझवां और खैर शामिल हैं। आयोग के अनुसार नामांकन दाखिल करने की शुरुआत 18 अक्टूबर से हो गयी और अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवंबर को होगा और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

### उत्तर प्रदेशः रविवार को होने वाली यूपीपीएससी परीक्षा के संभावित पेपर लीक की जांच शुरू

**भदोही (उप्र) :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की 20 अक्टूबर को होने वाली तकनीकी शिक्षा (अध्यापन) परीक्षा के संभावित पेपर लीक मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि यह कदम भदोही में स्थित भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के एक कर्मचारी और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच कथित बातचीत का ऑडियो सामने आने के बाद उठाया गया है। पुलिस के अनुसार ऑडियो क्लिप में व्यक्तिगत लाभ के लिए आगामी परीक्षा की शुचिता से समझौते के प्रयास का संकेत मिला है। अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि कथित ऑडियो क्लिप का पता चलने पर आईआईसीटी के निदेशक राजीव कुमार वार्ष्णेय ने ईमेल के जरिए यूपीपीएससी सचिव को मामले की सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि 14 अक्टूबर को भेजे गए ईमेल में वार्ष्णेय ने आईआईसीटी के राजेश वर्मा नामक कर्मचारी के साथ हुई कथित बातचीत का विस्तृत विवरण दिया है। सिंह ने कहा, बातचीत से पता चलता है कि निजी लाभ के लिए आगामी परीक्षा से समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

# झारखंड में भाजपा की सहयोगी आजसू 10, जद (यू) दो और लोजपा (रामविलास) एक सीट पर लड़ेगी चुनाव

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल को लेकर लगभग सहमति बन गई है।

इसके मुताबिक, भाजपा 68 सीट पर, 'ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन' (आजसू) 10, जनता दल (यूनाइटेड) दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि सीट बंटवारे की व्यवस्था को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है, लेकिन भाजपा 'देखो और प्रतीक्षा करो' की रणनीति अपना रही है, क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सहित प्रतिद्वंद्वी दलों ने अभी अपनी योजना का खुलासा नहीं किया है।

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को होंगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। शर्मा ने कहा, 'सीट बंटवारे के समझौते के मुताबिक, झारखंड में भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी 10 सीट पर, जद(यू) दो और लोजपा (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। यह लगभग तय है।' आजसू सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, ईचागढ़, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि जद(यू) जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ से, जबकि लोजपा (रामविलास) चतरा से चुनाव लड़ेगी। शर्मा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। समझौते के अनुसार, भाजपा 68 सीट पर चुनाव लड़ेगी। शर्मा ने कहा कि हालांकि चर्चा जारी है और जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शर्मा ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ेंगे।'

# बिहार में जहरीली शराब पीने से 10 और लोगों की मौत, मृतक संख्या बढ़कर 35 हुई

**पटना :** बिहार के सिवान और सारण जिलों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से 10 और लोगों की मौत हो गई, जिससे इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 35 हो गई है। सारण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नीलेश कुमार ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया, सिवान जिले की मगहर तथा औरिया पंचायतों में संदिग्ध अवैध शराब पीने से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर इलाके में भी सात लोगों की संदिग्ध अवैध शराब पीने से मौत हो गई है। इस संदिग्ध शराब त्रासदी को लेकर प्रदेश में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। विपक्षी दल आठ साल से अधिक समय पहले नीतीश कुमार सरकार द्वारा शराब की बिक्री और सेवन पर लगाए गए प्रतिबंध की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे हैं। दोनों जिलों के स्थानीय लोगों ने दावा किया कि अवैध शराब पीने के बाद लोगों की जान चली गई। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर दावा किया कि दोनों जिलों के 25 से अधिक लोग अभी भी सीवान, सारण और पटना के विभिन्न अस्पतालों में अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डीआईजी ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल पाएगा।

समाज्ञा

# व्यापार

## सोना 550 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 1,000 रुपये उछली



**नयी दिल्ली :** त्योहारों में मजबूत मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपये की तेजी के साथ 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। बृहस्पतिवार को पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 550 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी 1,000 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। वायदा कारोबार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने का भाव 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। कारोबार के दौरान सोना वायदा 77,667 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि त्योहारों के दौरान ग्राहकों की खरीदारी में तेजी के साथ घरेलू बाजार में कीमती धातुओं की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के कारण अनिश्चितता के बीच निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर देख रहे हैं। एमसीएक्स में दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी का भाव 1,231 रुपये या 1.34 प्रतिशत बढ़कर 92,975 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी रिसर्च) मानव मोदी ने कहा, ''अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से कुछ ही सप्ताह पहले सुरक्षित निवेश की मांग के कारण जिं बाजार और घरेलू मोर्चे पर सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

## पूरी दुनिया भारत के साथ कारोबार करने की इच्छुकः गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के साथ व्यापार करना चाहती है, क्योंकि देश की बुनियाद मजबूत है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर को पार कर गया है और देश मजबूत आर्थिक वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। भारत सबसे पसंदीदा निवेश स्थल भी है। गोयल ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, जॉन चैंबर्स (सिस्को सिस्टम्स के पूर्व सीईओ) ने दो-तीन दिन पहले मुझसे कहा था कि तीन हजार अरब डॉलर (राशि) निवेश के लिए मौजूद है और उस राशि के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है। सिस्को के पूर्व प्रमुख ने दुनिया के लिए भारत के ब्रांड एंबेसडर



के रूप में अपनी सेवाएं देने की पेशकश की। यही आज का भारत है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। गोयल ने कहा, हम अब दुनिया के लिए पसंदीदा जगह हैं और पूरी दुनिया भारत के साथ व्यापार करना चाहती है।

## इस समय ब्याज दर में कटौती असामयिक, जोखिम से भरी होतीः आरबीआई गवर्नर



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय 'असामयिक' और 'बहुत जोखिम भरा' होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी ऊंचे स्तर पर है। इसके साथ ही दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया गया था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए 'तटस्थ' कर दिया। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा छह दिसंबर को की जाएगी। दास ने ब्लूमबर्ग की तरफ से आयोजित 'इंडिया क्रेडिट फोरम' को संबोधित करते हुए कहा कि सितंबर की खुदरा मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है और आगामी आंकड़े के भी नरम होने से पहले उच्च रहने की आशंका है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, जब आपकी मुद्रास्फीति साढ़े पांच प्रतिशत है और अगला आंकड़ा भी ऊंचे स्तर पर रहने का अनुमान है तो इस समय ब्याज दरों में कटौती बहुत असामयिक होगी और यह बहुत जोखिम से भी भरा हो सकता है। उन्होंने भविष्य में ब्याज दर में कटौती किए जाने से संबंधित कोई संकेत देने से इनकार करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक आने वाले आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य के आधार पर कदम उठाएगा। दास ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक किसी पुलिसकर्मी की तरह काम नहीं करता, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर कड़ी नजर रखता है और जरूरत पड़ने पर नियामकीय कदम उठाता है। उनकी यह टिप्पणी नवी फिनसर्व और तीन अन्य गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ बृहस्पतिवार को की गई नियामकीय कार्रवाई के एक दिन बाद आई है। आरबीआई ने सचिन बंसल की अगुवाई वाली नवी फिनसर्व एवं तीन अन्य एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से कर्ज मंजूर करने और वितरण से रोकने का आदेश दिया है। यह कदम अत्यधिक मूल्य निर्धारण सहित पर्यवेक्षी चिंताओं के कारण उठाया गया है। उन्होंने कहा, हम पुलिसकर्मी नहीं हैं। लेकिन हम नजर रखे हुए हैं। हम बहुत करीबी निगाह रखे हुए हैं। हम कर्ज बाजारों पर निगरानी रखते हैं और जब जरूरी हो जाता है तो हम कार्रवाई करते हैं। दास ने मौजूदा समय को भारत का दौर बताते हुए कहा, भारत की वृद्धि की गाथा अभी भी कायम है। मुद्रास्फीति अब काफी हद तक लक्ष्य सीमा के भीतर आ गई है। इसके कम होने की उम्मीद है। उन्होंने वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आरबीआई इन दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी में बहुत सावधानी बरत रहा है।

## शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 218 अंक चढ़ा



**मुंबई :** मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू स्तर पर बैंकों एवं वित्तीय शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को शेयर बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स में 218 अंकों की बढ़त रही जबकि निफ्टी 104 अंक उछल गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स अपने शुरुआती निचले स्तरों से उबरकर 218.14 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,224.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 384.54 अंक बढ़कर 81,391.15 तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 104.20 अंक यानी 0.42 प्रतिशत बढ़कर 24,854.05 पर बंद हुआ। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार तीन दिनों से जारी गिरावट से उबरने में सफल रहे। इसमें घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी ने अहम भूमिका निभाई। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक के शेयर ने सितंबर तिमाही के बढ़िया नतीजों के दम पर लगभग छह प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और अदाणी पोर्ट्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस के शेयरों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इन्फोसिस के दूसरी तिमाही के नतीजे निवेशकों के बीच भरोसा जगाने में नाकाम रहे। इन्फोसिस ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में लगभग पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की सूचना दी है। इसके अलावा एशियन पेंट्स, नेस्ले, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सुबह के सत्र में हुई बिकवाली से बाजार उबरने में सफल रहा। वित्तीय, वाहन और धातु शेयरों में चुनिंदा खरीदारी आने से सुधार आया। कुछ निजी बैंकों के सकारात्मक नतीजे आने से आगामी नतीजों को लेकर भी उम्मीदें जगी हैं। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.21 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.16 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंकिंग खंड में 1.84 प्रतिशत और धातु खंड में 1.65 प्रतिशत की तेजी रही जबकि आईटी खंड में 1.73 प्रतिशत और प्रौद्योगिकी खंड में 1.37 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 156.61 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी में 110.2 अंक यानी 0.44 प्रतिशत का नुकसान देखा गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 7,421.40 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। हालांकि बाजार को डीआईआई ने 4,979.83 करोड़ रुपये की खरीदारी के साथ पूरा समर्थन दिया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, निवेशकों ने बेहतर मूल्य पर चुनिंदा बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में खरीदारी की जिससे बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबर गए। हालांकि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और एफआईआई की निकासी जारी रहने से सतर्कता का माहौल है।

## न्यूज अपडेट

### बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन में मददगारः गडकरी



**पणजी :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नए एक्सप्रेसवे और पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार सृजन करने में मदद कर रही हैं। गोवा में 'फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में अपने संदेश में मंत्री ने कहा कि होटल क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। गडकरी का संदेश सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन पढ़ा गया। इस सम्मेलन में होटल कारोबारियों, रेस्तरां मालिकों और विशेषज्ञों ने एक साथ आकर पर्यावरण अनुकूल उपायों से लेकर नए युग के रेस्तरां के रुझानों तक के विषयों पर चर्चा की। इसका उद्देश्य देश के होटल उद्योग में व्यावसायिक परिचालन और वृद्धि में सुधार लाना है। केंद्रीय मंत्री ने होटल क्षेत्र के प्रति मजबूत समर्थन व्यक्त किया और कहा कि यह व्यापक रोजगार अवसर प्रदान करता है तथा अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमारा देश पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार सृजन करने के लिए धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा, नए एक्सप्रेसवे और पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद कर रही हैं, जिससे अधिक रोजगार सृजन हो रहे हैं।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ दूसरी तिमाही में तीन प्रतिशत बढ़कर 689 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का शुद्ध लाभ सितंबर 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में मामूली तीन प्रतिशत बढ़कर 689 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 668 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 694 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 608 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पिछले वर्ष की समान अवधि में 71 करोड़ रुपये के मुकाबले कुल खर्च दोगुना होकर 146 करोड़ रुपये हो गया। सूचना में कहा गया है कि कंपनी ने मुख्य निवेश कंपनी (सीआईसी) के रूप में पंजीकरण के लिए रिजर्व बैंक को आवेदन दिया था। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को नौ जुलाई, 2024 को रिजर्व बैंक से आवश्यक अनुमोदन और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। इसके साथ, वह एक गैर-जमा लेने वाली प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण मुख्य निवेश कंपनी (सीआईसी-एनडी-एसआई) बन गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई जियो फाइनेंशियल सर्विसेज निवेश और वित्त पोषण, बीमा ब्रोकिंग, भुगतान बैंक और भुगतान एग्रीगेटर और भुगतान गेटवे सेवाओं से जुड़ी हुई है।

### ईएसआई, आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना को एक साथ लाने को मंजूरी

**नयी दिल्ली :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की चिकित्सा लाभ परिषद ने शुक्रवार को लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सेवा पहुंच बढ़ाने को लेकर आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना (जेएवाई) के साथ कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना को एक साथ लाने की मंजूरी दे दी। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि दोनों योजनाओं को एकीकृत करने का फैसला कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मुख्यालय में आयोजित चिकित्सा लाभ परिषद की 86वीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ईएसआईसी के महानिदेशक (डीजी) अशोक कुमार सिंह ने की। आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसका उद्देश्य 12 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों (लगभग 55 करोड़ लाभार्थी) को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। परिषद ने राज्यों के लिए साझा सहायता मिशन (सीएसएम) के क्रियान्वयन को भी मंजूरी दी। सीएसएम का उद्देश्य बीमित व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्यों में ईएसआई की चिकित्सा सेवा वितरण प्रणाली में सुधार और मजबूती लाना है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना, चांदी और नकदी जब्त

**नयी दिल्ली :** रेलवे सुरक्षा बल (अरपीएफ) ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन से चार ट्रेन से भारी मात्रा में सोने की छड़ें, चांदी और 85 लाख रुपये से अधिक की बेहिसाबी नकदी जब्त की। यह जानकारी रेल मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मंत्रालय ने पिछले दिनों ट्रेन से 4.01 करोड़ रुपये मूल्य के सामान बरामद किए। मंत्रालय ने कहा, आरपीएफ टीम हाई अलर्ट पर थी और उन्होंने कई ट्रेन की जांच की। तलाशी के दौरान उन्हें चार अलग-अलग ट्रेन से 24 संदिग्ध पैकेट मिले। इसमें कहा गया है, शुरू में जो सामान्य पार्सल प्रतीत हुआ, उनमें आश्चर्यजनक रूप से 498 ग्राम सोने की छड़ें, 365 किलोग्राम चांदी और 85.72 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी थी।

### विश्व बैंक, एडीबी ने अमरावती के विकास के लिए 1.6 अरब डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई

**अमरावती :** विश्व बैंक ने एशियाई विकास बैंक के साथ मिलकर अमरावती के पहले चरण के विकास के लिए 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर (13,600 करोड़ रुपये) देने की सैद्धांतिक प्रतिबद्धता जताई है और अगले साल जनवरी से यह धनराशि जारी होनी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के विकास का कुल खर्च 15,000 करोड़ रुपये है, जिसमें से शेष 1,400 करोड़ रुपये केंद्र सरकार देगी। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक से पूरी राशि पांच साल में प्राप्त होगी। ऋण और गारंटी आदि प्रदान करने वाला विश्व बैंक का एक हिस्सा अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (आईबीआरडी) और एडीबी इस परियोजना के लिए 80-80 करोड़ अमेरिकी डॉलर (6,800-6800 करोड़ रुपये) रुपये देंगे। अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार विश्व बैंक और एडीबी के ऋणों का भुगतान करेगी।

### न्यायालय ने बेनामी संपत्ति कानून के प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित करने वाले अपने फैसले को वापस लिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपत्तियों को अधिकारियों द्वारा कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ द्वारा दिए गए फैसले को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच ''स्पष्ट रूप से मनमानी'' होने के कारण असंवैधानिक थीं। अधिनियम की धारा-तीन बेनामी (किसी व्यक्ति द्वारा अन्य व्यक्ति के माध्यम से रखी गई संपत्ति) लेन-देन पर रोक से संबंधित है, जबकि धारा-पांच कुर्क करने योग्य बेनामी संपत्ति से संबंधित है।

### गाजियाबाद, कानपुर के बीच बिना टिकट यात्रा करने वाले 400 से अधिक पुलिसकर्मियों पर जुर्माना

**नयी दिल्ली :** प्रयागराज रेलवे डिवीजन ने पिछले डेढ़ महीने में गाजियाबाद और कानपुर के बीच विभिन्न स्थानों पर कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले 400 से अधिक पुलिसकर्मियों का जुर्माना किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विशेष अभियानों का संचालन कर रहे यातायात अधिकारियों ने पाया कि अधिकतर पुलिसकर्मी वातानुकूलित डिब्बों और पेंट्रीकार में बिना टिकट यात्रा कर रहे थे, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही थी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय रेलवे नियमित रूप से अनधिकृत यात्रियों की जांच के लिए अभियान चलाता है।

# जनता ने विपक्ष की 'नकारात्मक राजनीति' खारिज की, सुशासन के राजग के एजेंडे पर उसे भरोसा: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा की जनता ने विपक्ष की 'नकारात्मक राजनीति' को खारिज कर स्पष्ट संदेश दिया है कि उसका भरोसा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रगति और सुशासन के एजेंडे पर है। प्रधानमंत्री ने राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राजग को 1975 के बाद गैर-कांग्रेसी राजनीतिक दलों का सबसे बड़ा समूह बताया और साल में कम से कम इसकी दो बैठकें आयोजित करने का सुझाव दिया। इस सम्मेलन में कुल 17 मुख्यमंत्रियों और 18



उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बयान के मुताबिक, हरियाणा में भाजपा की जीत को 'महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक' करार देते हुए मोदी ने कहा, ''राजग ने समाज के सभी वर्गों का विश्वास और समर्थन हासिल किया है।'' उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे विपक्ष ने राजग के किसान विरोधी होने का झूठा विमर्श खड़ा करने की कोशिश की जबकि वह किसान ही थे जो राजग को आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में सामने आए। मोदी ने कहा कि जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को खारिज करने के साथ ही उसे यह स्पष्ट संदेश दिया कि वे राजग की प्रगति और सुशासन के एजेंडे के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज राजग सरकार आम नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा कर रही है और अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करना इस सरकार की विशिष्टता रही है, जिसने 2014 से सरकार के प्रति जनता में विश्वास बनाने में मदद की है।'' इस तथ्य पर प्रकाश डालते हुए कि सुशासन का अर्थ अंततः लोगों की समस्याओं का समाधान खोजना है, मोदी ने कहा कि शिकायत निवारण पर ध्यान देने के साथ समाधान-केंद्रित शासन सभी राजग शासित राज्य सरकारों की एक विशिष्ट पहचान है।

# घुलने लगा सांसों में 'जहर': बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली :** राजधानी में सर्दी शुरू होने से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में अब और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुक्रवार को लोगों ने खराब हवा में सांस ली। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया। कमोबेश यही स्थिति शनिवार तक बने रहने की आशंका है। जबकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का अनुमान है कि रविवार से वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो सकती है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार और वज-ीरपुर सहित 13 इलाकों में हवा अति गंभीर से गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि रोहिणी, द्वारका, अशोक विहार समेत 19 इलाकों में बेहद खराब श्रेणी में हवा रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान



(आईआईटीएम) के मुताबिक दिल्ली में वेंटिलेशन इंडेक्स तीन हजार वर्ग मीटर रही। यह औसत से कम है। डिसिजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के अनुसार दिल्ली के वायु प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 0.582 फीसदी रही। पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को हवा में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 1.87 फीसदी रह सकती है। साथ ही, वायु प्रदूषण में खुले में कूड़ा जलने से होने वाले धुआं 1.27 फीसदी रहा। इसी तरह शनिवार को इसकी हिस्सेदारी 1.217 फीसदी रह सकती है। आईआईटीएम के मुताबिक, शुक्रवार को हवा दक्षिण-पूर्व से पूर्व दिशाओं से चली। इसकी गति 8-12 किमी प्रति घंटा होगी। शनिवार को हवाएं पूर्व दिशाओं से 12-14 किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी। रविवार को दक्षिण-पूर्व से पूर्व दिशाओं से हवा आने की संभावना है, जिसकी गति 12-16 किमी प्रति घंटा होगी। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में गुरुग्राम का एक्यूआई सबसे कम रहा। यहां एक्यूआई 204 रहा, जोकि खराब श्रेणी में है। साथ ही, फरीदाबाद में 242, ग्रेटर नोएडा में 264, गाजियाबाद में 258 और नोएडा में 242 एक्यूआई रहा।

# राज्यों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की तुच्छ याचिकाओं से तंग आ चुके हैं: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह बार-बार चेतावनी के बावजूद विभिन्न राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा दायर की जा रहीं ''तुच्छ याचिकाओं'' से तंग आ चुका है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा क्योंकि राज्य सरकारों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के अधिकारियों को मुकदमेबाजी का खर्च व्यक्तिगत रूप से वहन नहीं करना पड़ता,लेकिन न्यायालय पर ऐसे तुच्छ मामलों का बोझ पड़ रहा है। पीठ ने यह बात झारखंड सरकार द्वारा एक सरकारी कर्मचारी के मामले में दायर अपील पर नाराजगी जताते हुए कही, जिसमें उसने सेवा से अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने कहा, ''हम विभिन्न राज्य सरकारों और सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा दायर की गईं ऐसी तुच्छ विशेष अनुमति याचिकाओं से तंग आ चुके हैं।'' पीठ ने कहा, ''हम पिछले छह महीने से यह कह रहे हैं। यह काफी है।'' इसने कहा कि चेतावनियों के बावजूद विभिन्न राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की ओर से पेश वकीलों ने ऐसी तुच्छ याचिकाएं दायर न करने की कोई मंशा नहीं दिखाई है।

# हरियाणा: सैनी ने पूरा किया पहला चुनावी वादा, सरकारी अस्पतालों में की जाएगी निशुल्क डायलिसिस

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पहले चुनावी वादे को पूरा करते हुए शुक्रवार को ऐलान किया कि गुर्दे (किडनी) की गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को राज्य के सरकारी अस्पतालों में निशुल्क डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा, उच्चतम न्यायालय के उस निर्णय को भी ''आज ही'' लागू कर देगा, जिसमें आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों के भीतर उप-



वर्गीकरण करने का राज्यों को अधिकार दिया गया है। सैनी ने दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की बृहस्पतिवार को शपथ ली। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों ने भाजपा को लगातार तीसरा कार्यकाल देकर, कांग्रेस के झूठ और किसानों तथा गरीबों को भड़काने के प्रयासों को नाकाम कर दिया। सैनी ने कहा कि भाजपा को बड़ा जनादेश देकर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में, गुर्दे की गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा मुहैया की जाएगी। उन्होंने कहा, (पदभार संभालने के बाद) मैंने गुर्दे की बीमारी से पीड़ित मरीजों से संबंधित निर्णय की फाइल पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए। हमने चुनाव में भी यह वादा किया था।

## न्यूज अपडेट

### भारत ने लेबनान को मानवीय सहायता भेजी



**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को लेबनान को दवाइयों सहित 33 टन मानवीय सहायता भेजी। यह सहायता ऐसे समय में भेजी गयी है जब इजराइली सेना हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया, ''कुल 33 टन चिकित्सा आपूर्ति भेजी जा रही है। आज 11 टन चिकित्सा आपूर्ति की पहली खेप रवाना की गई।'' उन्होंने कहा, ''इस खेप में विभिन्न प्रकार की दवाएं शामिल हैं, जिनमें हृदय संबंधी दवाएं, एनएसएआईडी (नॉन-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स),सूजन रोधी दवाएं, एंटीबायोटिक्स और एनेस्थेटिक्स दवाएं शामिल हैं।''

### सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी: अदालत ने शूटर विक्की गुप्ता को जमानत देने से किया इनकार

**मुंबई :** एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को इस वर्ष अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर गोलीबारी में कथित रूप से शामिल एक शूटर को जमानत देने से इनकार कर दिया। मकोका मामलों के विशेष न्यायाधीश बी.डी. शेलके ने विक्की गुप्ता की जमानत याचिका खारिज कर दी। विस्तृत आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं करायी गई है। गुप्ता को अन्य लोगों के साथ 14 अप्रैल को फिल्म अभिनेता के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई घटना के लिए गिरफ्तार किया गया था। उसने और सह-आरोपी सागर पाल ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुजरते समय गोलीबारी की थी। गुप्ता ने वकील अमित मिश्रा और पंकज घिल्डियाल के माध्यम से दायर अपनी जमानत याचिका में दावा किया कि वह इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया में दिखाए गए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के व्यक्तित्व से प्रभावित थे। गुप्ता ने दावा किया कि वह लॉरेंस बिश्नोई के सिद्धांतों से स्वत: जुड़ाव महसूस करता है क्योंकि बिश्नोई भगत सिंह का प्रबल अनुयायी हैं। उसकी याचिका का विरोध करते हुए पुलिस ने कहा कि यह अपराध जेल में बंद गैंगस्टर सिंडिकेट के माध्यम से बिश्नोई के इशारे पर किया गया था।

### असम: पूर्वोत्तर रेलवे के पटरी से उतरने से प्रभावित खंड पर ट्रेन सेवाएं बहाल

**गुवाहाटी :** असम के दीमा हसाओ जिले में अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस के आठ डिब्बों के पटरी से उतर जाने के कारण लुमडिंग-बदरपुर खंड पर बाधित ट्रेन सेवाओं को शुक्रवार को बहाल कर दिया गया। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार, डिबालोंग स्टेशन से पहली ट्रेन एसएमवीटी बेंगलुरु-अगरतला एक्सप्रेस सुबह 9.48 बजे रवाना हुई। उन्होंने बताया, ''प्रभावित खंड पर रेल सेवाएं आज सुबह बहाल कर दी गई हैं और इस मार्ग पर अब कोई ट्रेन रद्द नहीं की जाएगी।'' प्रवक्ता ने बताया कि अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस के आठ डिब्बों के पटरी से उतर जाने के कारण शुक्रवार को रद्द या पुनर्निर्धारित ट्रेनों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड के सदस्यों सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। असम के दीमा हसाओ जिले के डिबालोंग स्टेशन पर अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस के आठ डिब्बे बृहस्पतिवार अपराह्न 3.55 बजे पटरी से उतर गए थे। इस घटना में कोई हताहत नही हुआ। बचाव और बहाली कार्य की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लुमडिंग से दुर्घटना राहत ट्रेन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया था। ट्रेन के बेपटरी होने की घटना के बाद गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन और रंगिया-सिलचर-रंगिया एक्सप्रेस को बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए रद्द कर दिया गया था। इस बीच, अगरतला-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस को बदरपुर में, सबरूम-सियालदह कंचनजंगा एक्सप्रेस को माईबोंग में और दुल्लाबचेरा-गुवाहाटी एक्सप्रेस को न्यू हाफलॉग में रोक दिया गया।

# हरियाणा के सभी मंत्री हैं करोड़पति, उनके विरूद्ध नहीं है कोई आपराधिक मामला दर्जे: एडीआर

**चंडीगढ :** हरियाणा के सभी नवनियुक्त मंत्री करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 30.80 करोड़ रुपये हैं। 'एसोसिएशन डेमोक्रेटिक रिफर्म्स (एडीआर)' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एडीआर ने यह भी कहा है कि किसी भी मंत्री ने अपने विरूद्ध आपराधिक मामले दर्ज नहीं होने की घोषणा की है। एडीआर और हरियाणा इलेक्शन वाच ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत सभी 14 मंत्रियों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी मंत्री ने अपने विरूद्ध कोई आपराधिक मामला नहीं होने की एलान किया है। रिपोर्ट के अनुसार विश्लेषण से सामने आया कि सभी 14 मंत्री



करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 30.82 करोड़ रुपये है। एडीआर का कहना है कि सबसे अधिक संपत्ति श्रुति चौधरी के पास है जो पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पोती हैं। तोशाम निर्वाचन क्षेत्र की विधायक श्रुति चौधरी के पास 134.56 करोड़ रुपये की संपत्ति है। सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री श्याम सिंह राणा हैं। उनके पास 1.16 करोड़ रुपये की सपत्ति है। वह राडौर निर्वाचन क्षेत्र के जन प्रतिनिधि हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मुख्यमंत्री सैनी के पास पांच करोड़ रुपये की और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज के पास 1.49 करोड़ रुपये की संपत्ति है। सैनी स्नातक हैं। अन्य मंत्री विपुल गोयल ने अपने पास 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति होने की घोषणा की है जबकि आरती राव 68 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। दस मंत्रियों ने अपने ऊपर कर्ज होने की घोषणा की है। उनमें सबसे अधिक 13.37 करोड़ रुपये का कर्ज श्रुति चौधरी पर है। तीन मंत्रियों ने घोषणा की है कि वह 12 वीं पास हैं जबकि 11 ने स्नातक या उससे अधिक की शिक्षा प्राप्त करने की बात कही है।

# अपरंपरागत विचारों को अपनाना अपारंपरिक युद्ध में बढ़त हासिल करने का एकमात्र तरीका: राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी ने पारंपरिक युद्ध को अपारंपरिक में बदल दिया है और इस बदलाव के बीच आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका ऐसे नए विचारों को अपनाना है, जो अभी तक दुनिया को ज्ञात नहीं हैं। राष्ट्रीय राजधानी में, डीआरडीओ (रक्षा एवं अनुसंधान संगठन) भवन में आयोजित 'रक्षा प्रौद्योगिकी संवर्द्धन पर डीआरडीओ-उद्योग कार्यशाला' में अपने संबोधन में सिंह ने निजी क्षेत्र से रक्षा क्षेत्र में 'भागीदारी' से आगे बढ़कर 'नेतृत्व करने' की ओर बढ़ने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रौद्योगिकी ने पारंपरिक युद्ध को अपारंपरिक में बदल दिया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया, ''आधुनिक युद्ध में ड्रोन, साइबर युद्ध, जैविक हथियार और अंतरिक्ष रक्षा जैसे नये आयाम जुड़ गए हैं। इस परिवर्तनकारी चरण में रक्षा में अनुसंधान और विकास निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाएगा।'' उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) और युवा उद्यमियों को इस प्रयास में एक साथ काम करते देखना उत्साहजनक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ''निजी क्षेत्र के लिए आगे आने का समय आ गया है क्योंकि उनमें तेजी से होने वाले बदलावों को आत्मसात करने और नवाचार की क्षमता है।''

# सीमा शुल्क विभाग ने दिल्ली हवाई अड्डे पर पांच यात्रियों से 45 'आईफोन 16' मोबाइल जब्त किए

**नयी दिल्ली :** सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर भारत में कथित तौर पर तस्करी का प्रयास कर रहे पांच यात्रियों से 45



'आईफोन 16' मोबाइल जब्त किए हैं। सीमा शुल्क विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एयर इंडिया की उड़ान के जरिए वाशिंगटन से दिल्ली आए एक यात्री से आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने लगभग 44 लाख रुपये मूल्य के 37 'आईफोन-16' मोबाइल जब्त किए। हांगकांग से आए चार अन्य यात्रियों के बैग में आठ और 'आईफोन-16' मिले।'' इस महीने की शुरुआत में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने अलग-अलग मामलों में पांच यात्रियों से 42 'आईफोन 16 प्रो मैक्स' मोबाइल जब्त किए थे।

# दिल्ली में यमुना नदी पर फैली झाग, त्यौहारी मौसम में स्वास्थ्य के लिए समस्या

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में यमुना नदी में शुक्रवार को सफेद झाग की मोटी परत देखने को मिली। विशेषज्ञों का कहना है कि यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है विशेष रूप से तब, जब त्योहार का मौसम नजदीक आ गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित कई वीडियो में नदी का ज्यादातार हिस्सा झाग की परत से ढका दिख रहा है मानो जैसे नदी की सतह पर बादल छा गए हों। हालांकि बाद में ये झाग धीरे धीरे छंट गया। साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रीवर्स एंड पीपुल (एसएएनडीआरपी) के सहायक समन्वयक भीम सिंह रावत ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''आम तौर पर ऊपरी यमुना के हिस्से में बाढ़ की स्थिति काफी



गंभीर होती है, लेकिन इस साल 2024 के हाल में समाप्त हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान कोई बाढ़ नहीं आई।'' रावत ने कहा, ''यह असामान्य है, क्योंकि नदी में आम तौर पर हर साल इस खंड में कम से कम दो बार कम या मध्यम स्तर की बाढ़ आती है।'' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नदी में प्रदूषण एक गंभीर चिंता का विषय है, जो मानव स्वास्थ्य और नदी के पास के वन्य जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नदी में स्वाभाविक रूप से सफाई करने की क्षमता है, लेकिन प्रदूषण का स्तर चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस साल मानसून के दौरान जो सफेद झाग देखा गया था, वह त्योहारों के समय ज्यादा नजर आ रहा है। विशेषज्ञों ने सरकार से यमुना में प्रदूषण के स्तर को कम करने का आग्रह किया है, खासकर तब जब छठ पूजा जैसे प्रमुख त्योहार नजदीक आ रहे हैं।

# भारत की विकास यात्रा पर्यावरण संरक्षण से गहराई से जुड़ी हुई है: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जैव विविधता की रक्षा करने में जनजातीय समुदायों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि भारत की विकास यात्रा पर्यावरण संरक्षण के साथ गहराई से जुड़ी है। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को जनजातीय कला प्रदर्शनी – 'साइलेंट कन्वर्सेशन: फ्रॉम द मार्जिन्स टू द सेंटर' (मौन संवाद: हाशिये से केंद्र तक) के उद्घाटन के अवसर पर यहां 'इंडिया हैबिटेट सेंटर' में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 1973 में शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट टाइगर' की भी प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है, यह सफलता का एक शानदार उदाहरण है। इसके लिए जनजातीय समुदाय बहुत बड़े श्रेय के हकदार हैं।'' जयशंकर ने



कहा कि यह कला सिर्फ रचनात्मकता ही नहीं दिखाती, बल्कि यह एक ''गहरा संदेश देती है, जो प्रकृति और मानवता के बीच की खाई को पाटता है... बाघों से लेकर जनजातीय समुदायों तक।'' उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी दर्शाती है कि लोग प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य स्थापित करके रह सकते हैं और यह इस बात की कहानी है कि कैसे जनजातीय समुदाय ने सहस्राब्दियों से प्रकृति के साथ एक स्थायी रिश्ता बनाए रखा है। जयशंकर ने अपने संबोधन में 'अंत्योदय' के दर्शन की बात की, जिसका अर्थ है– किसी को पीछे न छोड़ना। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ एक नीति नहीं है, यह हमारी सरकार की आत्मा और मार्गदर्शक सिद्धांत है।'' मंत्री ने कहा, ''हम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें हाशिए पर पड़े समुदाय, विशेषकर हमारी जनजातीय आबादी के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है। लक्षित नीतियों के माध्यम से हम अवसर पैदा कर रहे हैं, अपने जनजातीय युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के साथ शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं।'' उन्होंने रेखांकित किया कि 'आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम' इन क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदाय के जीवन को आसान बनाने में सहायक रहा है।

# यूसीसी लागू करने संबंधी नियमों का मसौदा प्राप्त होने पर धामी ने कहा:यह सभी की समानता सुनिश्चित करेगा

**देहरादून :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किये जाने के लिए नियमों और विनियमों का अंतिम मसौदा शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया गया। पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय समिति ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री धामी को यह दस्तावेज सौंपा। यह समिति राज्य सरकार ने गठित की थी। धामी ने मसौदा प्राप्त होने के तुरंत बाद संवाददाताओं से कहा कि इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लिए समान व्यवहार सुनिश्चित करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। राज्य सरकार को समान नागरिक संहिता का मसौदा सौंपे जाने से उत्तराखंड में इसे लागू किये जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उत्तराखंड सरकार अब मसौदे का अध्ययन करेगी और उसे राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी। मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू कर दिया



जाएगा। इसे लागू किए जाने के बाद उत्तराखंड इसे क्रियान्वित करने वाला देश का पहला राज्य हो जाएगा। धामी ने कहा कि नियमों का मसौदा चार भागों में विभाजित है -- विवाह और तलाक, उत्तराधिकार, 'लिव-इन' संबंधों और जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का निर्धारण। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''इसे (यूसीसी को) किसी वर्ग को निशाना बनाने के लिए नहीं लाया जा रहा। इसका उद्देश्य सभी के लिए समानता और महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण सुनिश्चित करना है।'' उन्होंने कहा कि यूसीसी को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के बाद जल्द ही लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम इसका अध्ययन करेंगे, इसके कानूनी और अन्य पहलुओं की समीक्षा करेंगे, इस पर विस्तार से चर्चा करने के लिए इसे मंत्रिमंडल के समक्ष रखेंगे और इसे लागू करेंगे।''

# सरफराज और कोहली की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने किया पलटवार



**बेंगलुरु :** सरफराज खान (नाबाद 70) और विराट कोहली (70) के बीच तीसरे विकेट के लिए 163 गेंद में 136 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचा कर मजबूत वापसी की। टीम को हालांकि दिन की आखिरी गेंद पर कोहली के आउट होने से झटका लगा जो अपनी 102 गेंद की पारी के दौरान टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने। ग्लेन फिलिप्स (36 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों पर चली गयी। उन्हें दूसरे छोर से सरफराज का अच्छा साथ मिला था जिन्होंने 70 गेंद की तेजतर्रार नाबाद पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये। पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर सिमटी। रचिन रविंद्र ने 157 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 134 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने टिम साउथी (65) के साथ साथ आठवें विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी कर मैच पर दबदबा कायम किया। साउथी ने 73 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाये। मैच में बने रहने के लिए भारत को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। कप्तान रोहित शर्मा (52) और युवा यशस्वी जायसवाल (35) की जोड़ी ने ऐसा ही किया। दोनों ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए चाय के विश्राम टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। रोहित इस दौरान फ्लिक कर शानदार चौके जड़े तो वही जायसवाल ने कवर क्षेत्र में गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दिन के आखिरी सत्र में एजाज पटेल (70 रन पर दो विकेट) नेभारत को दो बड़े झटके दिये। उनकी गेंद पर जायसवाल क्रीज से बाहर निकलकर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में गच्चा खा गये और ब्लंडेल ने गिल्लियां बिखेर दी। रोहित ने हेनरी के खिलाफ लगातार गेंदों में चौका, छक्का और चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में पटेल की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटों से टकरा गयी। उन्होंने 63 गेंद में आठ चौके और एक छक्का की मदद से अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद कोहली ने पारी को संवारने का दारोमदार निभाते हुए फील्डरों के बीच से जगह तलाशने पर ध्यान दिया तो वही सरफराज आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने ने पटेल के खिलाफ स्वीप शॉट पर चौके जड़ने के बाद ओ'राउरकी के खिलाफ प्वाइंट के ऊपर से छक्का और रैंप शॉट की मदद से चौका जड़ा। कोहली ने भी क्रीज पर समय बिताने के बाद पटेल के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल कर छक्का लगाने के बाद ओवर में दो चौके भी जड़ दिये। इस दौरान भारत की आक्रामक बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड के गेंदबाज बैकफुट पर आ गये। सरफराज ने भारतीय पारी के 37वें ओवर में हेनरी के खिलाफ एक रन लेकर 42 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने भी इस गेंदबाज के अगले ओवर में टेस्ट करियर को 31वां अर्धशतक जड़ा। दिन के आखिरी घंटे के खेल में दोनों से संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया।

## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन पूरे किये

**बेंगलुरु :** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस तरह कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। अब वह सचिन तेंदुलकर (15921), राहुल द्रविड़ (13265) और सुनील गावस्कर (10122) जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं। पर वह इन खिलाड़ियों में इस उपलब्धि तक काफी धीमी गति से पहुंचे क्योंकि इसके लिए उन्होंने 197 पारियां खेली। पैंतीस साल के कोहली ने भारत की दूसरी पारी में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद यह कारनामा हासिल किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कोहली पहली पारी में नौ गेंद में बिना रन जोड़े आउट हो गए थे और भारत 46 रन पर ऑल आउट हो गया था। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में टेस्ट श्रृंखला में कोहली सिर्फ 594 पारियों में 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

## भारत के लिए पीसीबी का प्रस्ताव, पाकिस्तान में खेलें और उसी दिन स्वदेश लौट जायें

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह मैचों के बीच में नयी दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है। पीसीबी ने बीसी-सीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नयी दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है। पीसीबी के एक सूत्र ने हालांकि शुक्रवार को पीटीआई को पुष्टि की कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है।

## वेस्टइंडीज को हराकर न्यूजीलैंड महिला टी20 विश्व कप फाइनल में

**शारजाह:** स्पिनर एडेन कारसन और एमेलिया केर के शानदार प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड ने कम स्कोर वाले मैच में शुक्रवार के वेस्टइंडीज को हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया । अब तक 2009 और 2010 में उपविजेता रही न्यूजीलैंड टीम का सामना रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा । दक्षिण अफ्रीका ने बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया था । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी



करने वाली न्यूजीलैंड टीम नौ विकेट पर 128 रन ही बना सकी थी जिसमें डिएंड्रा डोटिन ने 22 गेंद में 33 रन का योगदान दिया । इसमें 16वें ओवर में लिया ताहुहू को लगाये तीन छक्के शामिल है । वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी । आफ स्पिनर कारसन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि केर ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये जिसमें डोटिन का कीमती विकेट शामिल था । कारसन ने टूर्नामेंट में आठ और केर ने 12 विकेट ले लिये हैं । बीजिंग ओलंपिक खेल चुकी सूजी बेट्स ने आखिरी ओवर डाला जब वेस्टइंडीज को 15 रन की जरूरत थी । बेट्स ने सिर्फ सात ही रन दिये ।

## खेल विधेयक में प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण से खेल संघों की स्वायत्तता को नुकसान: उषा

**नयी दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसमें प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण आईओए और राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता को कमजोर करेगा और इससे देश पर अंतरराष्ट्रीय निलंबन का खतरा होगा। उषा ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे पत्र में यह भी कहा कि विधेयक राज्य ओलंपिक संघों (एसओए) की भूमिका पर स्पष्टता प्रदान नहीं करता है, जिससे खेल प्रशासन के विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। उनकी सबसे बड़ी चिंता हालांकि आईओए और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) की स्वायत्तता को लेकर है। विधेयक के प्रस्ताव में भारतीय खेल नियामक बोर्ड के गठन का जिक्र है जो उनके कामकाज की देखरेख करेगा। उन्होंने कहा, '' यह शासन को मजबूत कर सकता है और भ्रष्टाचार या कुप्रबंधन जैसे प्रशासनिक मुद्दों को रोक सकता



है लेकिन इससे खेल निकायों, खासकर आईओए, एनएसएफ और एसओए (राज्य खेल संघ) की स्वायत्तता की चिंता बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा, ''ऐतिहासिक रूप से इन संगठनों की स्वायत्तता अंतरराष्ट्रीय खेल प्रशासन में एक प्रमुख सिद्धांत रही है। आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) विशेष रूप से राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों की स्वतंत्रता और सरकारी हस्तक्षेप को लेकर काफी सख्त है।'' उषा गुरुवार को मांडविया द्वारा आयोजित हितधारकों की बैठक में मौजूद थी। मसौदा विधेयक को 25 अक्टूबर तक जनता की प्रतिक्रिया के लिए रखा गया है।

## सिंधू क्वार्टरफाइनल में हारीं, भारत का डेनमार्क ओपन में अभियान खत्म

**ओडेन्से :** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। सिंधू (29 वर्ष) करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं। अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आयीं और 6-1 से



आगे हो गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने इसे 6-6 से बराबर कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-7 से बढ़त हासिल कर ली। सिंधू ने फिर इसे 11-10 कर दिया। वह आसानी से 19-15 से आगे चल रही थीं और जल्द ही 21-16 से जीत कर स्कोर 1-1 कर दिया। पर निर्णायक गेम में वह लय जारी नहीं रख सकीं और टुनजंग ने वापसी करते हुए मैच जीत लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पेरिस खेलों से खाली हाथ लौटीं थीं जिसके बाद से यह सत्र उनके लिए निराशाजनक ही रहा है।

## न्यूज अपडेट

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं करेंगे ऋषभ पंत


**बेंगलुरु :** ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन घुटने में चोट लगने के कारण तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं कर पाएंगे। भारतीय टीम प्रबंधन ने शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से कुछ देर पहले यह जानकारी दी। टीम प्रबंधन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है,''ऋषभ पंत मैच के तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। बीसी-सीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की चिकित्सा टीम उनकी प्रगति पर निगरानी रखे हुए है।

### कोच श्रीजेश की देखरेख में भारतीय जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप में जापान के खिलाफ करेगी आगाज

**जोहोर (मलेशिया) :** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता दिग्गज पीआर श्रीजेश को भारत के नए जूनियर पुरुष हॉकी कोच के रूप में अपनी पहली बड़ी परीक्षा का सामना शनिवार को यहां जापान के खिलाफ करना पड़ेगा, जब अंडर-21 टीम 12वें सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान का आगाज करेगी। इस 36 वर्षीय पूर्व गोलकीपर ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य जीतने के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने इसके तुरंत बाद जूनियर टीम की बागडोर संभाली जो सुल्तान जोहोर कम में चौथी बार चैम्पियन बनने के इरादे से मैदान में उतर रही है।

### बाला देवी ने 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल दिवंगत पिता को समर्पित किया

**काठमांडू :** भारतीय स्ट्राइकर बाला देवी ने यहां सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले मैच में पाकिस्तान पर टीम की 5-2 से जीत के दौरान अपने 50वें अंतरराष्ट्रीय गोल को दिवंगत पिता को समर्पित किया। बाला देवी ने मैच में अपना एकमात्र गोल 35वें मिनट में किया जबकि अन्य गोल करने वालों में ग्रेस डांगमेई (पांचवें और 42वें मिनट), मनीषा कल्याण (17वें मिनट) और ज्योति चौहान (78वें मिनट) शामिल थीं।




वर्ष 9, पूर्णांक 4036 अंक 186, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in